दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 58
कोटद्वार मंगलवार
20 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## दिल्ली हाईकोर्ट ने 19 साल पुराने मामले में शख्स को किया बरी, कहा– सबूत न होने के बावजूद भी मुकदमे का सामना किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को 19 साल पुराने मामले में आरोप से बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि 2004 में एक हत्या के लिए साक्ष्य मिटाने के आरोप लगाए गए, लेकिन उसके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिला। फिर भी उसने कई वर्षों तक मुकदमे का सामना किया।

दिल्ली हाई कोर्ट ने व्यक्ति को बरी करते हुए कहा, मामला साक्ष्य के कानून के स्थापित सिद्धांतों पर आधारित नहीं था और व्यक्ति ने आपत्तिजनक सुबूत नहीं होने के बावजूद कई वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने शुरू में याचिकाकर्ता के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया और यहां तक कि प्राथमिकी या प्रारंभिक आरोप पत्र में भी उसका नाम भी नहीं लिया। यह टिप्पणी करते हुए अदालत ने निचली अदालत के वर्ष 2011 के फैसले को चुनौती देने वाली विजय बहादुर की अपील को स्वीकार कर लिया।

विजय को आपराधिक साजिश रचने और सुबूतों को नष्ट करने के लिए दोषी ठहराते हुए एक साल की कैद की सजा सुनाई गई थी।अदालत ने कहा कि जब अपीलकर्ता और अन्य सह–आरोपी हत्या के मूल और मुख्य आरोप से बरी हो गए तो फिर उन्हें सुबूत नष्ट करने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता था।

## आज भारत की ओर कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता, 25 देशों को बेच रहे हथियारः राजनाथ सिंह

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक कार्यक्रम में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता। भारत आज हर हरकत का जवाब देने में सक्षम है। भृष्टाचार मुक्त सरकार का सपना पूरा हुआ है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक हुआ है और जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाई गई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस राम मंदिर का सपना देखते थे वो आज पूरा हो रहा है।



राजनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी को देश ने देखा। सीमित संसाधन के बावजूद देश को भयानक बीमारी से उभारा गया। सीमित संसाधनों के बाद भी भारत ने वैक्सीन बनाई है। दुनिया को वैक्सीन दी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ही इकलौता ऐसा देश है जहां कोरोना की दोनों डोज दी गई हैं।

देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि उन्होंने कभी किसी पीएम की आलोचना नहीं की है चाहे वो राजीव गांधी हों या कोई और भी प्रधानमंत्री। लोगों ने सफेद कबूतर छोड़ने से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक देखी है। आज दुश्मन को उसके घर में घुसकर मार सकते हैं। मैं प्रधानमंत्री को संस्थान मानता हूं।

रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि 2047 में हम कहां होंगे ये दुनिया देखेगी। हम हेल्दी डेमोक्रेसी लाना चाहते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि ये स्वर्णिम भारत है और यहां धर्म और जात के आधार पर काम नहीं होता। हम भारत का केवल आर्थिक विकास नहीं करना चाहते बल्कि सामाजिक विकास भी करना चाहते हैं। भारत कमजोरों की धरती नहीं वीरों की धरती है। भारत अब तेजी से आर्थिक रूप से आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में मुफ्त इलाज मिल रहा है। मेडिकल के क्षेत्र में भारत आगे बढ़ रहा है। बेटियों के लिए सेना के द्वार खोल दिए गए है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें ऐसा भारत बनाना हैं जिसकी तरफ कोई आंख उठाकर भी ना देख सके। भारत को राजनीतिक रूप से भी ऐसा भारत बनाना है जहां नेता जनता की सेवा में ही अपना सुख समझें। राजनीतिक भविष्य ऐसा चुनना है जहां हमारे नेता सेवाधर्म के लिए राजनीती को चुनें ना की सत्ता सुख के लिए।

## यश रावत ने पास की जेईई एडवांस परीक्षा



यश रावत

**कोटद्वार** : पदमपुर निवासी यश रावत ने जेईई एडवांस की परीक्षा में पूरे देश में 127वां स्थान प्राप्त किया है। बेटे की सफलता पर माता-पिता सहित अन्य रिश्तेदारों ने खुशी व्यक्त की है। यश रावत ने 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में भी 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। इन्हे पहले से ही भारत सरकार द्वारा दो छात्रवृति राष्ट्रीय प्रतिभा खोज और किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना भी प्राप्त हो रही है। वह विश्व प्रसिद्ध भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर में भी दाखिले के लिए चयनित है। यश के पिता डा. शैलेंद्र रावत दिल्ली में अध्यापन के क्षेत्र में कार्यरत है और माता सुनीता रावत गृहणी है।

## 106 साल का रिकार्ड टूटा, बिपरजॉय ने राजस्थान में खूब मचाया तांडव



**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान में अजमेर जिला में बिपरजाय चक्रवात तूफान के कारण पिछले 24 घंटे में रिकार्ड बरसात दर्ज की गई है। जिला में औसत बरसात 93.01मिलीमीटर दर्ज हुई है। अजमेर स्थित जल संसाधन वृत के बाढ़ प्रकोष्ठ से मिली अधिकृत जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह 8 बजे तक दर्ज आंकड़ों में सर्वाधिक बरसात ब्यावर उपखंड में 146 एमएम तथा सबसे कम 28 एमएम बांदनवाड़ा में दर्ज की गई है, जबकि अजमेर में 141 एमएम बरसात हुई है।

अजमेर जिले के बड़े 27 बांधों–तलाबों का गेज बिपरजाय के कारण पिछले 24 घंटों में उछाल मार चुका है। अजमेर में सबसे पुराना रिकार्ड बरसात ने तोड़ा है। बताया जा रहा है कि 1917 में 119.04 एमएम वर्षा रिकार्ड हुई थी और आज 19 जून, 2023 को 141 एमएम वर्षा रेकार्ड की गई है। अजमेर के आनासागर, फायसागर तथा पुष्कर सरोवर में एक ही दिन में अच्छे पानी की आवक हुई है। आनासागर की तो चादर भी चलानी पड़ गई। जिला प्रशासन एवं नगर निगम को एक दिन की बरसात से सबक लेते हुए आने वाले मानसून की युद्धस्तर पर तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

## गीताप्रेस को गांधी शांति पुरस्कारः कांग्रेस ने कसा तंज तो भड़की बीजेपी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** गोरखपुर स्थित प्रसिद्ध गीता प्रेस को साल 2021 का गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने के एलान के साथ ही अब इस पर सियासत शुरू हो गई है। एक ओर, कांग्रेस पार्टी ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने के आदेश के बाद सवाल उठाया तो भाजपा ने भी तुरंत पलटवार किया। भाजपा ने आलोचना करने को लेकर



सोमवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी गीता प्रेस से इसलिए नफरत करती है, क्योंकि वह सनातन धर्म का संदेश फैला रहा है। गीता प्रेस को यह पुरस्कार अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार देने पर कांग्रेस की आलोचना पर निशाना साधते हुए कहा कि मुस्लिम लीग को एक धर्मनिरपेक्ष संगठन मानने वालों को छोड़कर किसी को भी इससे कोई आपत्ति नहीं है। सिंह ने नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा, गीता प्रेस भारत की संस्कृति, हमारे लोकाचार और हिंदू विश्वास से जुड़ा हुआ है और यह किफायती साहित्य का निर्माण करती है। जो हर घर तक पहुंचता है। जयराम रमेश की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, और, आरोप लगाने वाले कौन हैं? वे हैं जो कहते हैं कि मुस्लिम लीग धर्मनिरपेक्ष थी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस भूल गई है कि वह मुस्लिम लीग थी, जिसने दो राष्ट्र का सिद्धांत दिया, भारत का विभाजन करवाया और पाकिस्तान के निर्माण का श्रेय लिया। मुझे लगता है कि इस तरह की बहस में पड़ना ऊर्जा की बर्बादी है।जितेंद्र सिंह अमेरिकी दौरे के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी का जिक्रकर रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि मुस्लिम लीग पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और इसमें गैर–धर्मनिरपेक्ष कुछ भी नहीं है। भाजपा ने तब उनके बयान की आलोचना करते हुए आरोप लगाया था कि केरल की पार्टी उसी मानसिकता से निर्देशित है जो मोहम्मद अली जिन्ना की अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के पीछे थी। मंत्री ने कहा, कांग्रेस के दो नेताओं को सिर्फ इसलिए आपत्ति है क्योंकि उन्हें आलोचना करनी है... गीता प्रेस भारत की संस्कृति से जुड़ा है। उन्होंने मुस्लिम लीग की तरह देश का बंटवारा नहीं किया।



# स्थानान्तरण पर दी जिला विकास अधिकारी को विदाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर का जनपद रुद्रप्रयाग से जनपद पौड़ी में स्थानातंरण होने के फलस्वरूप विकास भवन सभागार में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।




जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर निवर्तमान जिला विकास अधिकारी को मुख्य विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर ने विभागीय कार्यों का संपादन बड़ी कुशलता एवं निष्ठा के साथ किया है। उन्होंने जनपद के विकास कार्यों को गति देने में बेहतर ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि जनपद में यात्रा मैनेजमेंट करना एक बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य है किन्तु सुश्री मनविंदर द्वारा उन्हें सौंपे गए कार्यों का निर्वहन बड़ी कुशलता के साथ किया। कहा कि स्थानातंरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, हमें अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता एवं निष्ठा के साथ करते हुए आम जनमानस की समस्याओं का निराकरण समयबद्धता के साथ करना है।

## नई टिहरी में भाजयुमो ने निकाली बाईक रैली

नई टिहरी : महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजयुमो टिहरी गढ़वाल ने नव मतदाता अभियान चलाते हुए भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी के नेतृत्व में वृहत बाइक रैली का आयोजन किया। बाइक रैली नई टिहरी के मुख्य मार्गों से निकालते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने का काम किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने कहा कि अधिकाधिक युवा मतदाताओं को साथ में जोड़कर उन्हें भाजपा रीति-नीति से अवगत कराने का काम करें। आने वाले लोकसभा चुनाव में परचम लहराने में युवाओं की अहम भूमिका हो, इसके लिए प्रत्येक युवा की भूमिका सुनिश्चित करने की जरूरत है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष गौरव गुसांई युवाओं से अपील करते हुए कहा कि भाजपा की रीढ़ के रूप में युवाओं की भूमिका आगामी चुनाव में तय की जायेगी।

# देवभूमि पत्रकार यूनियन के गुलानी जिलाध्यक्ष, नवीन चंद्र जोशी महासचिव निर्वाचित

देहरादून। स्थानीय विश्व संवाद केंद्र में आयोजित देवभूमि पत्रकार यूनियन, पंजी. के जिला इकाई के चुनाव में दीपक गुलानी को जिलाध्यक्ष एवं नवीन चंद्र जोशी को जिला महासचिव निर्वाचित घोषित किया गया।




चुनाव अधिकारी भारत चौहान ने सदन में उक्त घोषणा करते हुए कहा कि किसी भी संगठन में सर्वसम्मति से चुनाव की घोषणा एक स्वस्थ परंपरा होती है। आज हुए सर्वसम्मति से चुनाव में उपरोक्त के अतिरिक्त ऋतुराज गेरौला व संजय गर्ग जिला उपाध्यक्ष, गौरव भारद्वाज कोषाध्यक्ष, रजत शर्मा व संदीप जनधारी जिला सचिव, संजय कुमार व योगेश सक्सेना संगठन सचिव, बॉबी गुप्ता व स. हरप्रीत सिंह प्रचार सचिव चुने गए। इनके अतिरिक्त सर्वश्री प्रदीप भंडारी, राजेश थपलियाल, जागेश ममगाईं, मनबीर सिंह नेगी, उत्कर्ष रोहेला, विकास कुमार, दीपाली कश्यप, रश्मि गुलानी, शैली शर्मा, अरुण कुमार व भरत पाठक सदस्य कार्यकारी चुने गए। इस अवसर पर मौजूद यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय जायसवाल, उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, प्रदेश महासचिव डा.वी.डी.शर्मा, पं. सुभाष चंद्र जोशी, गोपाल सिंघल, राजेश भटनागर, शशिकांत मिश्रा, श्रीमती प्रेमलता भरतरी, दीपक धीमान, सूर्य प्रकाश शर्मा, रतन लाल लखेड़ा व चुनाव अधिकारी भारत चौहान आदि ने जिले के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभ कामना प्रेषित की।बैठक के अंत में यूनियन के संरक्षक प्रभाकर उनियाल जी व पूर्व उपाध्यक्ष संजय भट्ट के निधन पर दो मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रभु से कामना की गई।

# 57 दिन में 10 लाख तीर्थ यात्रियों ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल, 2023 को आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए थे। 2023 की यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन करने आ रहे हैं। 57 दिन में लगभग 10 लाख तीर्थ यात्रियों ने बाबा केदरानाथ के दर्शन कर लिये है। पिछली यात्रा की तुलना में इस बार यात्रियों की संख्या में 18 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम भी अब ठीक होने लगा है तथा श्रद्धालुओं की संख्या में 15 जून के बाद संख्या कम होने लगती थी, इस बार प्रतिदिन 15-16 हजार श्रद्धालुओं की संख्या दर्ज की जा रही है। इसके साथ ही यात्रियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यात्रा मार्ग में जगह-जगह रैन शल्टर का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही केदारनाथ में यात्रियों के रहने की सुविधा भी बढ़ाई गई है तथा उचित मूल्य पर यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम व यात्रा मार्ग के सभी पड़ावों पर वेस्ट मैनेजमेंट के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसमें जन सहभागिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका है तथा प्रत्येक सप्ताह किसी न किसी क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक 35 से 40 हजार प्लास्टिक की बोतलों को रिसाईकिलिंग के लिए भेजा जा चुका है। इसके साथ ही घोड़े-खच्चरों की लीद एवं बचा हुआ खाद्य पदार्थ को कंपोस्ट करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून के मध्यनजर पहले से ही तैयारियां चल रही हैं।

उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग सहित राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य संभावित संवेदनशील भू-स्खलन क्षेत्रों में फोर्स सहित जेसीबी एवं ऑपरेटर तैनात किए गए हैं।

## रायपुर इलेवन ने जीता फुटबॉल मुकाबला

देहरादून। गोल्डन जुबली गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में रायपुर एलेवन ने बालाजी ब्वायज को शिकस्त दी। पवेलियन ग्राउंड में सोमवार को लीग मैच खेला गया। बाजाली के अक्षय ने 26वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त तो दिलाई लेकिन इसके बाद टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। जबकि रायपुर इलेवन की ओर से अतुल ने 48वें और 51वें, आर्यन ने 65वें मिनट में गोल कर टीम को 3–1 से जीत दिलाई। रायपुर के अतुल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मौके पर राजेश परमार, फुनसुक नामगिल, सुमन गुरुंग, अभिरुचि गुरुंग, निर्मल कुमार, सीएम भट्ट, देवाशीष कश्यप, मदन नेगी, अजीत काला आदि मौजूद रहे।

# विस्थापन की मांग को लेकर लोगों ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

नई टिहरी : जाखणीधार ब्लाक भिलंगना घाटी के पिपोला खास के ग्रामीणों ने विस्थापन सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को सुमन पार्क से लेकर डीएम कार्यालय तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। मौके पर लोगों ने डीएम कार्यालय का घेराव कर सांकेतिक धरना भी दिया। इस दौरान डीएम को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की और जेईसी 2023 की रिपोर्ट पर नाराजगी जाहिर की।



भिलंगना घाटी के ग्राम पिपोला खास के ग्रामीणों ने अपने पुनर्वास व विस्थापन की मांग को लेकर जिला मुख्यालय नई टिहरी में रैली निकाली।

ग्रामीणों ने ढोल-दमाऊं के साथ सुमन पार्क से हनुमान चौक-विधि विहार होते हुए डीएम कार्यालय तक जुलूस निकाला। जहां पर बांध प्रभावित गांव की उपेक्षा के लिए नारेबाजी की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भी उपेक्षा का आरोप लगाया। बांध विस्थपितों–प्रभावितों के अधिवक्ता और विभिन्न न्यायालयों में याचिकाकर्ता शान्ति प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में धरना दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने डीएम व पुनर्वास निदेशक डा. सौरभ गहरवार को ज्ञापन सौंपा। डीएम के समक्ष संयुक्त विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट 2023 को पढ़ कर सुनाया गया। जिसमें दो सदस्यों ने ग्रामीणों के पक्ष में लिखा, जबकि चार ने खिलाफ लिखा है।

## एक नजर

### 15 जुलाई तक होगा संग्रहालय का फर्नीशिंग कार्य

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित गुलाबराय में जिम कार्बेट संग्रहालय के फर्नीशिंग कार्य को तेजी से करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जीएमवीएन के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं सहायक अभियंता के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य को जल्द पूरा किया जाए। इस दौरान सहायक अभियंता जीएमवीएन डीएस राणा ने जिलाधिकारी को बताया कि जिम कार्बेट संग्रहालय के फर्नीशिंग कार्य के लिए 61.15 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृति हुई है। 15 जुलाई तक कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। जो 4 माह में पूरा होगा। बैठक में गढ़वाल मंडल विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक सुदर्शन खत्री, वीसी के माध्यम से अंजली भर्तरी मौजूद रहे। (एजेंसी)

### 18 से 24 जून तक चलेगा योग सप्ताह

रुद्रप्रयाग : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर गढ़वाल मंडल विकास निगम के समस्त पर्यटक आवास गृहों में 18 से 24 जून तक योग सप्ताह आयोजित होगा। इसमें योग एवं प्राणायाम किया जाएगा। गढ़वाल मंडल विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक सुदर्शन खत्री ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जीएमवीएन के समस्त पर्यटक आवास गृहों में योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गढ़वाल मंडल विकास निगम के समस्त कर्मचारियों सहित पर्यटक में अवस्थान करने वाले यात्री व पर्यटकों द्वारा भी योग किया जा जाएगा। (एजेंसी)

### श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के विरुद्ध केस दर्ज

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम के गर्भ गृह में एक महिला द्वारा रुपये बरसाये जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। इस सम्बन्ध में कार्याधिकारी केदारनाथ मन्दिर समिति की तरफ से जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस को तहरीर दी गई कि गत 18 जून को सोशल मीडिया में मन्दिर के गर्भ गृह का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

# ऋषिकेश जिला महिला मोर्चा ने किया नव मतदाता युवतियों से संपर्क

ऋषिकेश। भाजपा महिला मोर्चा ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत नव मतदाता युवतियों से संपर्क कर उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। लव जेहाद के मामले में मार्गदर्शन कर इससे बचने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया। सोमवार को भरत मंदिर इंटर कॉलेज में ऋषिकेश जिला महिला मोर्चा ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत नव मतदाता युवतियों से संपर्क किया। जिला अध्यक्ष कविता शाह के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री कमलीभट्ट ने युवतियों को अपना मतदाता पहचानपत्र बनवाकर अपने मत का जरूर इस्तेमाल करने की अपील की।




मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में युवतियों को बताया गया। युवतियों को लव जिहाद से बचने के लिए आगाह किया गया। जिलाध्यक्ष कविता शाह ने सुकन्या समृद्धि योजना, नंदा देवी योजना आदि मोदी सरकार की अनेक योजनाओं के बारे में बताया। जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा ने भी नव युवतियों को मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

## जनसुनवाई में 98 शिकायतें आईं, ज्यादातर जमीनों से जुड़े विवाद

देहरादून। कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को डीएम सोनिका ने जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्या को सुना। इसमें कुल 98 शिकायतें आईं, इनमें भी हर तीसरी शिकायत जमीन से जुड़े विवाद की थी। डीएम ने कहा कि गंभीर शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही अन्य शिकायतों में जांच रिपोर्ट मांगी है। ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई करते हुए डीएम ने अवैध कब्जों, जमीनों को खुर्द–बुर्द करने और अतिक्रमण की शिकायतों पर सभी एसडीएम, नगर निगम और एमडीडीए के अफसरों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। बिजली लाइनों में खराबी और पानी से जुड़ी समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाने के निर्देश दिए।

# मुख्य सचिव ने की ईको टूरिज्म एवं सरकारी भूमि की डिजिटल सूची तैयार किए जाने के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में ईको टूरिज्म एवं सरकारी भूमि की डिजिटल सूची तैयार किए जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों एवं डीएफओ को ईको टूरिज्म की दिशा में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर दिए जाने पर फोकस करते हुए प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी जनपदों में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिए जाने हेतु स्थान चिन्हित किए जाने के साथ ही डीपीआर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि प्रस्ताव में डीपीआर के साथ फंडिंग और योजना पूर्ण होने की समय सीमा पहले से ही निर्धारित की जाएं। उन्होंने कहा कि ईको टूरिज्म को सफल बनाए जाने हेतु ईको पार्क से प्राप्त राजस्व का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा इसकी मरम्मत आदि के लिए प्रयोग किया जा सकेगा, इसका शासनादेश जारी किया जा चुका है। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश भर में एस्ट्रो विलेज, कैंपिंग आदि की अत्यधिक संभावनाएं हैं। इस दिशा में भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग एवं गैर चारधाम यात्रा मार्ग दोनों में ही ईको टूरिज्म में रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों को शामिल करना आवश्यक है। इसके लिए स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो प्रशिक्षण करवाइए। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में ऐसे विभिन्न स्थान हैं जहां कैंपिंग साइट्स विकसित की जा सकती हैं। पर्यटन विभाग द्वारा गाईड का प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य सचिव ने ऐसे स्थलों में जहां अभी फुटफॉल कम है, गाईड को कंडीशनल टर्म पर मानदेय भी दिया जा सकता है, ताकि गाईड काम करने को प्रोत्साहित हो सके। फुटफॉल बढ़ने के बाद गाईड अच्छा कमा लेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलाधिकारियों एवं अन्य सीनियर अधिकारियों द्वारा क्षेत्रों में दौरा करते समय स्थानीय लोग अक्सर अपनी बहुत छोटी छोटी मांगें और समस्याएं अधिकारियों के सम्मुख रखते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत सी समस्याएं या मांगें इतनी छोटी होती हैं कि आसानी से पूर्ण की जा सकती हैं।

# कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह की माता के निधन पर शोक जताया

विकासनगर। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चकराता के विधायक प्रीतम सिंह की माता रूपा देवी (92) का सोमवार को देहरादून स्थित आवास पर निधन हो गया है। उनके निधन से पूरे पछुवादून क्षेत्र से लेकर जौनसार बावर तक शोक की लहर है। रूपा देवी के निधन पर विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त किया। रूपा देवी के निधन पर कांग्रेस के पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात, जिलाध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष आर्येंद्र शर्मा, संजय किशोर, शम्मी प्रकाश, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विकासनगर अभिनव ठाकुकर, शहर अध्यक्ष कितेश जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष कुंवरपाल, नीरज अग्रवाल, संजय जैन, नीरज अग्रवाल, राजीव शर्मा, विकास शर्मा, सरदार सिंह, अजय नेगी, भाजपा के विकासनगर विधायक मुन्नासिंह चौहान, सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, जिलाध्यक्ष भाजपा मीता सिंह, जिपं अध्यक्ष मधु चौहान, पूर्व जिपं अध्यक्ष रामशरण नौटियाल, ब्लॉक प्रमुख चकराता निधि राणा, कालसी के प्रमुख मठौर सिंह, उपप्रमुख भीम सिंह, रितेश, विकासनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, यंग माउंटेन क्लब के अध्यक्ष अमित जोशी, अनुशासन समिति के पूर्व सदस्य राजीव जैन, जौनसारी जनजागृति समिति चकराता आदि सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है।

## बाशिक महाराज की पालकी आज मूल मंदिर को प्रस्थान करेगी

विकासनगर। बाशिक महासू देवता की हनोल प्रवास बंरवाशे की बौठा महासू देवता के साथ आज आखिरी पूजा लगेगी। मंगलवार को बाशिक देवता की पालकी अपने मूल मन्दिर मैंदरथ परिसर में पधारेगी।

बाशिक देवता के देव कारिन्दे भक्त पालकी लेने हथवाड़ हनोल पहुंच गए हैं। हनोल बंरवाशे के लिए बाशिक देवता की पालकी जखोली मेले के बाद 10 जून को हनोल मंदिर में विराजमान हुई थी। बजीर दीवान सिंह राणा ने बताया कि बाशिक महासू देवता मैंदरथ मंदिर में इन दिनों सोने के कलश का कार्य चल रहा है।

# कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

ऋषिकेश। कांग्रेस ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बापूनगर, श्यामपुर के तत्वावधान में पंचायत भवन खैरी खुर्द में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया।



इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी संघर्षशील युवा नेता है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयपाल सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में राहुल गांधी की नीतियां और कार्यक्रम देश एवं गरीब वर्ग के उत्थान के लिए अति आवश्यक है। उनके कुशल नेतृत्व में ही देश में बेतहाशा बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी पर अंकुश लगेगा। कार्यक्रम में राम स्वरूप, प्रदेश सचिव मनोज गोसाईं, उपाध्यक्ष सूरज भट्ट, कुंवरपाल सिंह रावत, सचिव विक्रम बिष्ट, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पंवार, महासचिव केपी कंडवाल, महासचिव शिवदयाल रतूड़ी, पूर्व प्रदेश सचिव भगवती सेमवाल, योगराज दत्त नौटियाल, निर्मला देवी आदि मौजूद रहे।

# साहिया में हुआ भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

विकासनगर। भाजपा की ओर से चकराता विधान सभा के साहिया में सोमवार को लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रत्येक गांव के गली मोहल्लों तक विकास पहुंचाया। चकराता विधान सभा में राज्य गठन के बाद जितने कार्य हुए हैं, उससे कई गुना अधिक कार्य बीते कुछ वर्षों में जिला पंचायत निधि से कराए गए हैं। सीमांत तहसील त्यूणी के गांवों में सड़कों का निर्माण, पंचायत घर, सामुदायिक भवनों का निर्माण किया गया। जिला पंचायत निधि से कई सिंचाई गूल और पुलिया बनाई गई।



## बुलेट चोरी में महिला गिरफ्तार

ऋषिकेश। मुनिकीरेती थाना पुलिस ने बुलेट चोरी के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के कब्जे से चोरी की बुलेट बरामद करने का दावा किया है। आरोपी महिला को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी महिला को जेल पहुंचा दिया है। मुनिकीरेती थाना पुलिस के मुताबिक श्यामपुर खदरी ऋषिकेश निवासी ब्रह्मानंद भट्ट 18 जून को आनंदधाम के पास किसी काम से गए थे।

# जन–जन तक पहुंचे सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

ऋषिकेश। भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के प्रभारी विवेक ठाकुर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जन–जन तक पहुंचे, पार्टी कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएम मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनवाईं।

देहरादून रोड स्थित सनराइज वेडिंग प्वाइंट में महा जनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का शुभारंभ सांसद विवेक ठाकुर, मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल, जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों, आगामी निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की पांचवीं आर्थिक शक्ति बना है। यह सभी के लिए गौरव की बात है। विदेश में सम्मान मिल रहा है। मोदी के कार्यकाल में जो भी विकास कार्य हुए हैं, वह अकल्पनीय हैं।

## घर का ताला तोड़ उड़ाई ज्वैलरी

**कोटद्वार** : पौड़ी तहसील के अंतर्गत पट्टी मनियारस्यूं पश्चिमी ग्राम सुरालगांव में बदमाशों ने तीन घरों के ताले तोड़ वहां रखी नगदी, ज्वैलरी व बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया। भवन स्वामी की ओर से राजस्व पुलिस को तहरीर दी गई है। राजस्व पुलिस को दी तहरीर में प्रमोद कुमार नेगी ने बताया कि 17 जून की रात चोरों ने गांव में तीन मकानों के ताले तोड़ वहां रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया। उनके मकान के छह कमरों के ताले बक्सों में रखे एक तांबे की गागर, दो चांदी की पौछी, दो चांदी के लच्छा, दो चांदी की पायल जिनकी कीमत लगभग पैंतीस हजार रुपये है चोरी कर ली। वहीं, शिव चरण सिंह के घर के चार कमरों के ताले तोड़ गागर चोरी कर ली गई है। वीरेंद्र सिंह नेगी के घर के दो कमरों के ताले तोड़कर दो तांबे की परात, एक तांबे की गागर चोरी कर ली गई है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी से ग्रामीणों में रोष बना हुआ है।

# देश भक्ति से ओतप्रोत नाटक 'प्रणाम' ने मोहा दर्शकों का मन

### तन्वी संस्था की ओर से आयोजित किया गया नाटकों का मंचन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : तन्वी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं साहित्यक संस्था की ओर से दूसरे दिन भी विभिन्न नाटकों का मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों की ओर से प्रस्तुत किए गए देश भक्ति से ओतप्रोत नाटक प्रणाम ने दर्शकों का मन मोह लिया।

बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योगपति एसआर मित्तल व आरके जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कलाकारों को मेहनत व ईमानदारी से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत कलाकार मयंक पटवाल ने कत्थक शैली में शिव वंदना का नृत्य प्रस्तुत किया। दून घाटी रंगमंच ने 'एक रूका हुआ फैसला' नामक नाटक का मंचन किया।



**कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में नाटक का मंचन करते कलाकार**

इस नाटक के निर्देशक बृजेश नारायण हैं। इसके बाद कलाकारों ने 'गुलाब की पंखुड़ी' व देश भक्ति से ओतप्रोत नाटक 'प्रणाम' का मंचन किया। इससे पूर्व रविवार देर शाम 'अधी रात' सहित अन्य नाटकों का मंचन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर आयुक्त वैभव गुप्ता उपस्थित थे।

इस मौके पर संस्था की निदेशिका मीनाक्षी शर्मा, प्रवीन रोहिला, कमला विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## बाड़ियूं में हुई बाबा जसंवत सिंह की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : हीरो ऑफ दि नेफा महावीर चक्र विजेता अमर शहीद राइफलमैन बाबा जसवंत सिंह की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं अनावरण कार्यक्रम उनके पैतृक गांव बीरोंखाल ब्लॉक के बाड़ियूं (दुनाव) में समारोह पूर्वक किया गया।नूरानांग पूर्व सैनिक समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चौथी गढ़वाल राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आदित्य राणा ने बाबा जसवंत सिंह स्मारक स्थल में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं अनावरण किया। उन्होंने कहा कि 1962 में चीन के साथ युद्ध में बाबा जसवंत सिंह ने अदम्य साहस का परिचय दिया था। उनके वीरता की मिशाल सेना में आज भी दी जाती है। पूर्वी सीमा की सुरक्षा आज भी बाबा जसवंत सिंह कर रहे हैं। बाबा के मंदिर में मत्था टेकने के बाद ही वहां तैनात होने वाली यूनिटें मोर्चा संभालती है। कहा कि यह स्मारक स्थल युवाओं को देश की सीमाओं की रक्षा करने की प्रेरणा देगा। इस मौके पर बटालियन के सूबेदार मेजर आंनद सिंह, समिति के अध्यक्ष सुल्तान सिंह रावत, भारत सिंह नेगी, रोशनलाल देवरानी, इंद्र सिंह कंडारी, बलवंत सिंह चौहान, सतीश जोशी, अजीत चौहान, आनंद सिंह, मदन सिंह, धीरेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, महावीर सिंह, नंद किशोर नौटियाल, प्रीतम सिंह, दिनकर पोखरियाल, डॉ. प्रेम सिंह नेगी, प्रवीन पोखरियाल, रघुवीर सिंह, सुधा देवी, अंजलि पोखरियाल आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



**कथा शुभारंभ पर कलश यात्रा निकालते ग्रामीण**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : डांडामंडी के बागी में सोमवार को भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। बैंड बाजों के साथ गांव तक शोभायात्रा निकाली गई।

कथा के पहले दिन आचार्य देवी प्रसाद भट्ट ने भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया। ग्रंथ का प्रारंभ भागवत माहात्म से हुआ। जिसमें देवर्षि नारद की भक्ति से भेंट होती है, भक्ति के दोनों पुत्र ज्ञान और वैराग्य वृद्धावस्था और कमजोरी की हालत में होते हैं। नारद उन्हें इसका उपचार बताते हैं। इसके बाद गोकर्ण और धुंधुकारी की कथा है। कथा व्यास वेदाचार्य पंडित देवी प्रसाद भट्ट ने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्धागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। कथा के अंत में प्रसाद वितरण के साथ सामूहिक आरती हुई। इस दौरान आचार्य दीपक ध्यानी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था सुधारने में सहयोग करें ग्राम प्रहरी

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया रिखणीखाल थाने का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने रविवार को थाना रिखणीखाल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ग्राम प्रहरियों की बैठक भी ली। कहा कि क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्राम प्रहरियों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए ।

बैठक में उन्होंने ग्राम प्रहरियों को उत्तराखण्ड पुलिस एप में महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध गौरा शक्ति मॉड्यूल व एसओएस बटन की सुविधा के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये अपने-अपने गांवो में महिलाओं एवं युवतियों का गौरा शक्ति मॉड्यूल में पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित किया। साथ ही गांव वालों को साइबर अपराधों पर जागरूक करने, गांव में आने वाले बाहरी व्यक्तियों यथा श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़–फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों व संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों की अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखते हुए उनकी सूचना थाना प्रभारी को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। तत्पश्चात उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई का जायजा लेकर थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती वाहनों का नियमानुसार निस्तारण करने, महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मी को सभी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर निस्तारण करने, अभिलेखों का सही ढ़ग से रख रखाव एवं लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने व सत्यापन की कार्यवाही में तेजी लाने सहित अधीनस्थों को अन्य आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष रिखणीखाल अरविन्द कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



**रिखणीखाल थाने का निरीक्षण करती एसएसपी श्वेता चौबे।**

## दो दिवसीय जनरल सर्जरी शिविर शुरू, 351 मरीजों ने कराई जांच

**सतपुली** : द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोलीसैंण में दो दिवसीय जनरल सर्जरी शिविर का सोमवार से शुरू हो गया है। शिविर के पहले दिन 351 मरीजों ने जांच कराई। अस्पताल की डिप्टी मैनेजर प्रीति बिष्ट ने बताया कि शिविर के पहले दिन जनरल सर्जन डा. अरुणेश दुबे व डा. मयंक सिंह द्धारा हर्निया, पाइल्स, पथरी, स्तन कैंसर, शरीर में गांठ, एवं पेट से संबंधित जुड़ी बीमारियो के 351 मरीजों का परीक्षण किया गया । जिसमें 81 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिनका दूरबीन विधि से अस्पताल में ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में 261 मरीजों का निशुल्क अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एक्सरे खून की जांचे की गयी व निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गयी।

# पूर्व सैनिक ने आग लगाकर किया आत्मदाह का प्रयास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वी झंडीचौड़ निवासी एक पूर्व सैनिक ने अपने ऊपर मिट्टी तेल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। पूर्व सैनिक को गंभीर अवस्था में राजकीय बेस चिकित्साल कोटद्वार लाया गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि पूर्वी झंडीचौड़ निवासी अशोक नेगी (45) सोमवार सुबह करीब आठ बजे घर के समीप अपनी गौशाला में घूम रहा था। इसी दौरान उसने गौशाला में रखे मिट्टी तेल से भरे डब्बे को उठाया और अपने ऊपर छिड़ककर आग लगा दी। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे स्वजनों ने गीले कंबल व पानी की मदद से अशोक के शरीर पर लग रही आग को बुझाया और उसे अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि अशोक का शरीर 80 प्रतिशत झुलस चुका है। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

स्वजनों के हवाले से पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि अशोक कुछ दिन पूर्व अपने गांव गया हुआ था। वहीं, से वह मिट्टी का तेल भी लेकर आया। अशोक ने खुद पर आग क्यों लगाई इस बारे में किसी को भी जानकारी नहीं है।

## जगदीश प्रसाद पोखरियाल बने अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : 17वीं गढ़वाल राइफल्स गौरव सेनानी समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। इस संबध में भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित बैठक में जगदीश प्रसाद पोखरियाल को समिति अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों में शिव प्रकाश चमोली उपाध्यक्ष, दरबान सिंह नेगी कोषाध्यक्ष, भारत भूषण बलूनी व रमेश सिंह को सचिव और दयानंद भट्ट को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। तत्पश्चात धर्मगुरू जगदीश प्रसाद जखमोला ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान 17 वीं गढ़वाल राइफल्स के समस्त गौरव सेनानी मौजूद रहे।

## 21 जून को मालवीय उद्यान में लगाया जाएगा योग शिविर

**कोटद्वार** : भारत स्वाभिमान न्यास की ओर से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए संस्था की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भारत स्वाभिमान न्यास के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला प्रभारी दिनेश जुयाल ने बताया कि योग सप्ताह के तहत संगठन की ओर से नियमित रूप से योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार साधकों को योगभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 जून को मालवीय उद्यान में सुबह 5 बजे अंतराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, समाजसेवी रेणुका गुसाईं, रीमा चौहान, रफ्फल चौधरी और मयंक प्रकाश कोठारी बतौर अतिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर किसान सेवा समिति के प्रभारी चंद्र किशोर असवाल, पतंजलि योग समिति के प्रभारी विजय भाटिया, युवा प्रभारी जितेंद्र काला, अंजू सिंह, इंदू नौटियाल, गोपाल बड़थ्वाल, अतुल कोटनाला, राकेश कंडवाल आदि मौजूद रहे।

# गुणवत्ता के साथ तय समय पर कार्य पूर्ण करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों का कार्य गुणवत्ता के साथ तयसमय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह के लिए दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष कार्यों में तेजी लाते हुए पूर्ण करें। जल जीवन मिशन के जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनकी फोटोग्राफ्स सहित पोर्टल पर अपलोड करना करें। जिलाधिकारी ने माह अप्रैल व जून तक 5 करोड़ से अधिक वाली योजनाओं में 6345 कनेक्शन लगाने का लक्ष्य संबंधित विभागों को दिया था, जिसमें 981 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वहीं 2 से 5 करोड़ वाली योजनाओं में कुल 36 कार्य हैं, जिनमें से 33 कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में एफएसटीसी कार्यों का 25375 कनेक्शन लगाने का लक्ष्य दिया है। जिसमें 2763 कार्यों के टेंडर प्रक्रिया पूर्ण व 1941 पेयजल कनेक्शन विभिन्न गाँवो में लग चुके हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान संजय सैनी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान पौड़ी एसके रॉय, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम श्रीनगर दिशा, कोटद्वार आशीष मिश्रा, पीएम स्वजल दीपक रावत सहित अन्य अधिकरी उपस्थित थे।



**डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।**

## पश्चिमी नयार नदी में डूबने से नेपाली युवक की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली के अंतर्गत पश्चिमी नयार नदी में एक नेपाली युवक की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक नदी में नहाने के लिए गया था। इस दौरान युवक पैर फिसलने से नदी में डूब गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। राजस्व पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्यवाही की जा रही है। सतपुली के अंतर्गत पश्चिमी नयार नदी में नहाने गए नेपाली युवक की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने जब देखा की युवक नदी में नहाने गया था और काफी देर बाद भी बाहर नहीं निकला तो उन्हें संदेह हुआ। जिसके बाद उन्होंने राजस्व उपनिरीक्षक को घटना की जानकारी दी। साथ ही युवक को नदी से बाहर निकाल लिया। पौड़ी तहसील के नायब तहसीलदार हरेंद्र खत्री ने बताया कि सूचना मिलने पर राजस्व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। बताया कि स्थानीय लोगों के साथ ही गोताखोरों ने मृतक का शव बाहर निकाला। साथ ही घटना की जानकारी उसके परिजनों तक पहुंचाई। बताया जा रहा है कि मृतक अपने परिवार के साथ यहां रहकर मजदूरी किया करता था। मृतक की पहचान 18 वर्षीय रविंद्र बूढा पुत्र प्रेम बूढा के रूप में हुई है। जो कि सतपुली तहसील के पाखरी गांव में रहता था। राजस्व प्रशासन द्वारा मृतक के पंचायतनामा आदि की कार्यवाही की जा रही है।

# कांग्रेस ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर बांटे फल



**कोटद्वार बेस अस्पताल में फल वितरित करते कांग्रेसी**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर सोमवार को बेस चिकित्सालय में सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरित करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि राहुल गांधी वर्तमान में देश में जनमुद्दों को लेकर आवाज उठाने वाले पहले नेता बने हैं। यही कारण है कि भारत जोड़ों यात्रा में उनको आमजन का अपार समर्थन मिला। इसलिए प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अशक्त जनों को फल वितरित कर उनका जन्मदिन मनाया जा रहा है। फल वितरण में जिलाध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ ओम प्रकाश कोटला, नईम अहमद, बलबीर सिंह रावत, प्रवेश रावत, शूरवीर खेतवाल, विनोद नेगी, राजा आर्य और शुभम रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सुपात्र किसी भी सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे

**पौड़ी** : भारतीयस जनता पार्टी की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर संचालित कार्यक्रम के तहत नैनीडांडा ब्लाक में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत एवं लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरित किए।

मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ध्यानी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सीएम एवं गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत व लैंसडौन विधायक दिलीप रावत के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। इस दौरान सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि सभी पात्र लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। विधायक दिलीप रावत ने कहा कि कार्यकर्ता इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी सुपात्र किसी भी सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, जिला महामंत्री दीनदयाल कंडारी, रिखणीखाल मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह, नैनीडांडा मंडल महामंत्री सुनील चौहान व तेजपाल सिंह, सुरेंद्र प्रताप, मुन्नी ध्यानी, विमलानंद गौड़, मुन्नी लाल, आनंदीलाल, आईटी प्रभारी आशीष पटवाल, सोशियल मीडिया प्रभारी दीनू चतुर्वेदी आदि शामिल रहे।

# विधायक और एसएसपी ने किया रिपोर्टिंग चौकी नैनीडांडा के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल के थाना धुमाकोट के रिपोर्टिंग चौकी नैनीडांडा के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण लैंसडौन विधायक दिलीप रावत व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने रिबन काटकर किया। नवनिर्मित प्रशासनिक भवन बन जाने से स्थानीय जनता को सुविधाओं के साथ-साथ बेहतर कानून व्यवस्था मिलेगी। ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखंड कोटद्वार गढ़वाल द्वारा 71.13 लाख स्वीकृत धनराशि से इस भवन का निर्माण किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में गुणात्मक सुधार एवं बेहतर कानून व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद पौड़ी गढ़वाल के धुमाकोट क्षेत्र में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी नैनीडांडा के नवनिर्मित भवन का निर्माण किया गया। जिसमें 89 गांव शामिल सम्मलित हैं। इस मौके पर विधायक ने कहा कि पौड़ी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। विगत 06 माह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध कार्यवाही एवं साइबर अपराधों में ठगी की धनराशि को वापस दिलाने का काम अत्यन्त सराहनीय रहा है। इस दौरान एसएसपी श्वेता चौबे ने स्थानीय जनता, ग्राम प्रहरियों व सीनियर सिटीजन के साथ गोष्ठी की। एसएसपी ने रेगुलर पुलिस की कार्यप्रणाली समझाते हुये नैनीडांडा क्षेत्र में जनसामान्य से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत, क्षेत्र में घटित होने वाली आपराधिक घटना, सड़क दुर्घटना अथवा किसी भी प्रकार की दैवीय आपदा आदि घटनाएं घटित होने पर तत्काल पुलिस चौकी को अवगत कराने की अपील की। कहा कि पौड़ी पुलिस जनता के साथ सदैव तत्पर है। जनता किसी भी समय शिकायत अथवा सुझाव हेतु बेझिझक पुलिस चौकी में आकर दे सकते है। पुलिस तत्काल संज्ञान लेकर हर संभव कार्यवाही करेगी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रशांत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक कोटद्वार विभव सैनी, थानाध्यक्ष धुमाकोट दीपक तिवाडी, चौकी प्रभारी महिला उपनिरीक्षक भावना भट्ट एवं समस्त पुलिस कर्मियों सहित ग्राम प्रधान, ग्राम प्रहरी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



**विधायक दिलीप रावत एवं एसएसपी श्वेता चौबे रिपोर्टिंग चौकी नैनीडांडा के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करते हुए।**

एसएसपी श्वेता चौबे ने गोष्ठी में उपस्थित सभी लोगों को उत्तराखण्ड पुलिस एप, गौरा शक्ति, साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया। उन्होंने गांव में आने वाले बाहरी व्यक्तियों (श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों) की गतिविधियों पर नजर रखते हुए उनकी सूचना थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशीला पदार्थ या अवैध शराब बेचता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लायी जा सके।

# मानदेय न मिलने पर आशाओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



रुद्रपुर : आठ माह से मानदेय नहीं मिलने से नाराज आशाओं ने आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के बैनर तले कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही एडीएम को ज्ञापन सौंपा। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के प्रदेश महामंत्री कैलाश पांडे ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ग्राउंड स्तर का सारा काम आशा वर्कर से कराता है, लेकिन उनको न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जाता है। संघर्षों के बाद आशा वर्कर्स ने जो मानदेय हासिल भी किया है, उसे भी शासन-प्रशासन महीनों तक लटका देता है। यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप ने कहा कि ऊधमसिंह नगर जिले की आशाओं की मासिक प्रोत्साहन राशि व कार्य से संबंधित किसी भी पैसे का भुगतान अक्तूबर 2022 से नहीं हुआ है। मानदेय के स्थान पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। नैनीताल से पहुंचीं आशा यूनियन अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि जब नैनीताल समेत विभिन्न जिलों में आशाओं को पैसा मिल चुका है तो केवल ऊधमसिंह नगर की आशाओं के साथ ही यह अन्याय क्यों? सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। इसके बाद आशाओं के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम जय भारत सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें आठ माह का मानदेय देने और भविष्य में इसे समय से देने तथा दिवंगत आशा कार्यकत्री धर्मा बिष्ट निवासी किच्छा और मुन्नी देवी निवासी जसपुर दोनों के परिवारों को उचित मुआवजा व नौकरी देने की मांग की गई।

## एसडीएम से लगाई विद्युत संयोजन देने की गुहार

चम्पावत : बनबसा निवासी उषा देवी ने घरेलू विद्युत संयोजन दिए जाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम सुंदर सिंह को ज्ञापन सौंपा। वार्ड नं सात, बनबसा निवासी उषा देवी ने बताया कि 15 साल पहले उसके पति धूप चंद ने उसे और उसके बच्चों को छोड़ दिया था। जिसके बाद से वह अपने बच्चों का मेहनत मजदूरी करके गुजर बसर कर रही है। बताया कि उसकी छोटी बेटी माया को दौरे पड़ते हैं। लेकिन मकान में विद्युत संयोजन नहीं होने के कारण उसकी बेटी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि वह विद्युत संयोजन लगाने के लिए बीते छह माह से विभाग के चक्कर काट रही है। बावजूद इसके अधिकारी कनेक्शन के नाम पर आनाकानी कर रहे हैं। बताया कि उल्टा उनके पति पर विद्युत विभाग का बकाया बाकि होने का हवाला दिया जा रहा है।



## राहुल गांधी के जन्मदिन पर बांटे फल

रुद्रपुर : अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की जन्मदिन कांग्रेसियों ने सादगी के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को फल बांटे। सोमवार को कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ संजीव सरना की मौजूदगी में फल बांटे। उन्होंने कहा राहुल गांधी ने भारत जोड़ो का संकल्प लेकर पूरे देश में एकता का संदेश फैलाने की बात जोर दिया। यहां हरिचरण कंबोज, मनोज गुंबर मिंटू, श्याम ठुकराल, गुरजोत सिंह, देव कुमार, रियाज, आकाश कोचर, समीर रहे। (एजेंसी)



## आदि कैलास के दल का किया स्वागत

पिथौरागढ़ : आदि कैलास यात्रा के 16वें दल के 14 यात्रियों का पर्यटक आवास गृह में पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। सोमवार को टीआरसी के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने जूस पिलाकर स्वागत किया। यात्रियों ने शहीद स्मारक स्थल में एक दिया शहीदों के नाम जलाया और हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली। इस दौरान गुरुरानी ने मिशन कालापानी के तहत यात्रियों को पौधे दिए। इस दौरान राजेश पांडे, विजय बोरा, पदम सिंह, वेद प्रकाश, सौरभ खोलिया, गोपाल बिष्ट, महेश कुमार, हर सिंह, शेर सिंह मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पिथौरागढ़ में रबी का हुआ स्वागत

पिथौरागढ़ : ब्रदीनाथ धाम से प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए साइकिल यात्रा पर निकले बाक्सर रवि मेहता का यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए लोगों से नशा नहीं करने की अपील की। सोमवार को यहां पहुंचे रबी ने कहा कि वे ब्रदीनाथ–केदारनाथ की यात्रा के बाद यहां साइकिल से पहुंचे हैं। उनकी यात्रा का उद्देश्य यहां के युवाओं को नशा मुक्त जीवन देना है। मूल रूप से यहां गुरना क्षेत्र के बेडा गोगना गांव निवासी रवि का परिवार अब खटीमा के झनकट क्षेत्र में रहता है। मेहता के यहां पहुंचने पर व्यापार संघ उपाध्यक्ष अजय रावत, कनालीछीना शिक्षक संघ के अध्यक्ष पंकज तिवारी, युवा व्यापारी संजय शर्मा, राजीव आंकोटी, संजय पोखरिया, सूर्या महर, अंकुर महर ने उनका स्वागत किया और अभियान की सराहना की। (एजेंसी)

## जनहित को ध्यान में रखकर विकास के काम प्रस्तावित करें



पिथौरागढ़ : विकास के लिए जिला योजना के तहत प्रस्ताव तत्काल बनाएं, जिससे विकास कार्यों के लिए धन आवंटित किया जा सके। डीएम रीना जोशी ने यह आदेश अधिकारियों को दिए हैं। सोमवार को उन्होंने यहां वित्तीय वर्ष 2023-24 की जिला योजना की बैठक ली। प्रथम किश्त के तहत उपलब्ध कराएं जा रहे प्रस्तावों के लिए कहा कि जन हित को ध्यान में रखकर ही विकास के काम प्रस्तावित करें। जिलाधिकारी ने मत्स्य, उद्यान, कृषि, पशुपालन विभागों को ऐसे प्रस्ताव तैयार करने को कहा जिससे स्वरोजगारपरक को बढ़ावा दिया जा सके। जिलाधिकारी ने प्रथम किश्त के तहत अभी तक प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराने वाले विभागों पर अपनी गहरी नाराजगी जताई। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी निरंजन प्रसाद ने बताया वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिला योजना का परिव्यय 66 करोड़ 44 लाख 48 हजार प्राविधानित है। 20 एवं 30 सूत्रीय योजनाओं को लेकर भी उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को जिला योजना के संबंध में सरकार के आदेशों की भी जानकारी दी। बैठक में उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद, पीडी डीआरडीए आशीष पुनेठा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएस ह्यांकी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मोदी सरकार में हर व्यक्ति के पास पहुंची योजना




रुद्रपुर : पूर्व प्रदेश महामंत्री सुरेश भट्ट ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में हर व्यक्ति के पास कोई न कोई योजना पहुंची है। भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को एक बैंक्वेट हॉल में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश महामंत्री भट्ट ने कहा कि कोरोना काल में घर-घर फ्री राशन हो या फिर कोरोना वैक्सीन, मोदी सरकार ने देश की जनता के जीवन को सुरक्षित करने का कार्य किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहा है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकास के 9 साल देश के सुदूर बैठे उस गरीब को समर्पित रहे, जिनको विपक्षी पार्टी सिर्फ वोटर की नजर से देखती आई है। यह कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को साकार करने वाला है। रुद्रपुर विधानसभा में लगभग 27 करोड़ के विकास कार्य के प्रस्ताव पास हुए हैं। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक सुरेश कोली, भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, धीरेश कोली, हरीश भट्ट, रामप्रकाश गुप्ता, जगदीश विश्वास, शाहखान राजशाही, जुल्फिकार अली, महेंद्री शर्मा, रश्मि रस्तोगी, मनदीप वर्मा, संदीप बाजवा, ललित बिष्ट, सोनू कोली, मदन दिवाकर, गुरबाज सिंह, राजीव चौधरी, भीमसेन, बलाई विश्वास सहित अन्य लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सीमान्त की एंजेल ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में दो पदक जीते

पिथौरागढ़ : सीमांत की एंजेल पुनेड़ा ने ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में दो पदक अपने नाम किए हैं। सोमवार को जिला क्रीड़ाधिकारी प्रताप सिंह बिष्ट ने बताया कि हरियाणा के पंचकूला में 11 से 18 जून के बीच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें एंजेल ने शानदार खेल दिखाते हुए अंडर-15 मिक्स डबल्स और अंडर-17 गर्ल्स डबल्स में कांस्य पदक जीता है। एंजल वर्तमान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन कोच भूपेश बिष्ट से प्रशिक्षण ले रही है। जिला क्रीड़ा अधिकारी बिष्ट सहित बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष जीएस बुदीयाल, सचिव स्वामी वीरेंद्रानन्द ने एंजेल को बधाई दी है। (एजेंसी)

# धारचूला, मुनस्यारी को मिलाकर बनाएं सीमांत जिला

पिथौरागढ़ : पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार से डीडीहाट की जगह धारचूला, मुनस्यारी को मिलाकर सीमांत जिला बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर सरकार ने डीडीहाट को जिला घोषित किया तो वह मुनस्यारी और धारचूला ब्लॉकों को उसमें शामिल नहीं होने देंगे। सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जगत मर्तोलिया ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मर्तोलिया का कहना है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश में नए जनपदों की सुगबुगाहट तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों मुनस्यारी, धारचूला क्षेत्र पंचायतों की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि अगर डीडीहाट जनपद बना तो धारचूला, मुनस्यारी को उसमें शामिल न किया जाए। इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित किया गया है। कहा कि चीन सीमा से लगे धारचूला-मुनस्यारी को मिलाकर सीमांत जिला बनाने के प्रस्ताव पर पहले अमल किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय से 215 किमी दूर स्थित इस सीमा क्षेत्र को जिले का दर्जा मिलना चाहिए। डीडीहाट जिले से वर्तमान जिला मुख्यालय मात्र दो घंटे में पहुंच सकते हैं। जबकि सीमांत क्षेत्र से आज भी मिलम गांव के नागरिक दो दिन की 67 किमी पैदल फिर सात घंटे वाहन से यात्रा कर जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। (एजेंसी)

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल, दो रेफर

चम्पावत : टनकपुर–बनबसा हाईवे से लगे बिचई के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइकों में सवार तीन लोग घायल हो गए। जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। रविवार देर रात मां पूर्णागिरि दर्शन कर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की टनकपुर आ रहे बाइक सवार युवक से आमने–सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों पलिया, यूपी निवासी कैलाश (30) पुत्र गजराज, अर्पित (29) पुत्र हरीश राम और विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी सौरभ (35)पुत्र चंद्र शेखर घायल हो गए।

## दाड़मिखेत के ग्रामीणों का जिला मुख्यालय में प्रदर्शन



बागेश्वर। आवास विहीन बीपीएल परिवार के लोगों को भूमि आवंटित करने मांग मुखर होने लगी है।

इस मांग को लेकर दाड़मिखेत के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। साथ ही जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। डेराखत्ता दाड़मिखेत के ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के आवास विहीन, भूमिहीन और बीपीएल परिवार के लोगों की प्रशासन सुध नहीं ले रहा है। ये लोग अपना आवास तक नहीं बना पा रहे हैं। उन्हें सरकार की योजनाओं का भी लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने ऐसे परिवार के लोगों को गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के तहत भूमि आवंटित करने की मांग की है। इस मौके पर ग्राम प्रधान बीना देवी, श्या मराम, सुंदर राम, पुष्कर राम, बहादुर राम आदि मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार की योजनाओं पर डाला प्रकाश

हल्द्वानी। भाजपा महा जनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को रामनगर डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार तथा मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट दीप जलाकर उद्घाटन किया। मुख्य वक्ता राजेश कुमार ने केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिल रहा है।

## पेयजल समस्या से जूझ रहे भतरौला के लोगों ने किया प्रदर्शन



बागेश्वर। नगर के भतरौला क्षेत्र में लोगों को पीने के लिए पानी नसीब नहीं हो रहा है। यहां के लोग जल संस्थान को बिल का भुगतान तो कर रहे हैं पर उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार और विभाग पर उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि वे पानी की समस्या को लेकर तीन बार डीएम को अवगत करा चुके हैं। जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान उपभोक्ताओं ने कहा कि उनके यहां हर साल यह समस्या पैदा होती है। गर्मी आते ही उन्हें पानी के लिए तरसना पड़ता है। कहा कि जल संस्थान द्वारा बिल तो लिया जाता है परंतु पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को भी इस संबंध में कई बार अवगत कराया जा चुका है, परंतु समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## लीसा तस्करी के मामले में 2 साल से फरार वांछित पुलिस ने किया गिरफ्तार



अल्मोड़ा। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद के समस्त सीओ/थाना प्रभारियों को फरार/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाकर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये हैं। कोतवाली अल्मोड़ा में दर्ज़ एफआईआर संख्या 73/2021, धारा 26 वन अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त धन सिंह उर्फ धनेश लगातार फरार चल रहा था। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा ठोस खोजबीन और सूचना संकलन कर साईबर सेल अल्मोड़ा की सहायता से अथक प्रयासों के उपरांत वांछित अभियुक्त धन सिंह उर्फ धनेश पुत्र तेज सिंह निवासी–वेडचुला, थाना मुक्तेश्वर, जिला नैनीताल को जागेश्वर क्षेत्र से गिरफ्तार कर पंजीकृत अभियोग में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई है। यहाँ पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विवेचक धारानौला चौकी प्रभारी दिनेश सिंह परिहार, कांस्टेबल हिमांशु, चौकी धारानौला से और कांस्टेबल बलवंत प्रसाद व इंदर कुमार, साईबर सेल अल्मोड़ा से शामिल रहे।

## स्कॉलर्स एकेडमी की दूसरी शाखा खुली

पिथौरागढ़ : नगर के पंडा में स्कॉलर्स एकेडमी की दूसरी शाखा का शुभारंभ हुआ। डीएम रीना जोशी ने रीबन काटकर विधिवत एकेडमी का शुभारंभ किया। विद्यालय के संस्थापक अजय ओली ने बताया कि आठवीं कक्षा तक संचालित विद्यालय में बच्चों के लिए आधुनिक कक्षाएं, संगीत, नृत्य और इंटरनेशनल लैंग्वेज की व्यवस्था की गई है। शिक्षा के साथ ही खेल कूद, जिम्नास्टिक, बैडमिंटन और बास्केटबॉल जैसे खेलों को भी बढ़ावा देने के लिए विद्यालय ने प्रयास किया है।

## जन औषधि केंद्र पर ब्रांडेड दवाएं बेचने का आरोप

बागेश्वर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ के जन औषधि केंद्र पर ब्रांडेड दवाएं बेची जाने की शिकायत स्थानीय लोगों ने डीएम से की है। डीएम को दिए ज्ञापन में लिखा है कि चिकित्सालय के जन औषधि केंद्र पर सस्ती दवाइयां नहीं हैं तथा नियम विरुद्ध ब्रांडेड दवाएं बेची जा रहीं हैं। उन्होंने केंद्र के निरीक्षण की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि जन औषधि केंद्र बैजनाथ में सस्ती दवाओं का अभाव बना हुआ है। कुछ दवाएं रखी हैं, जिनको चिकित्सक नहीं लिखते हैं। इसके साथ ही ब्रांडेड कंपनी की दवाएं प्रिंट रेट पर ही बेची जा रही हैं। कभी–कभार तो यहां सर्जिकल आइटम को अधिक कीमत में भी बेचा जा रहा हैं। दवाओं का बिल नहीं दिया जाता है। इससे प्रदेश सरकार समेत प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों इस संबंध में शिकायत की गई परंतु प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। जनता को ब्रांडेड दवाइयों को ही जन औषधि की दवाएं बताकर बेचा जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में औचक निरीक्षण करने की मांग की है। शिकायत करने वालों में कविता देवी, पुष्पा देवी, मंजू बोरा, पार्वती देवी, तारा देवी आदि शामिल हैं। इधर, एडवोकेट डीके जोशी ने भी इस मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए शिकायत विजिलेंस में किए जाने की मांग की है। कहा कि यदि शीघ्र प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग चेता नहीं तो इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। इधर सीएमएस डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि उन्हें जन औषधि केंद्र में ब्रांडेड दवा की बिक्री होने की सूचना नहीं है। मामले की जांच की जाएगी।

# डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लगाई फटकार

## स्वास्थ्य विभाग अपने कार्य संस्कृति में सुधार करें



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक को संबोधित करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएमडीटी) अधिनियम-1994 के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में सपन्न हुई। गत बैठक में लिंगानुपात को लेकर दिये गये निर्देशो का अनुपालन नहीं करने पर जिलाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अपनी कार्य संस्कृति में सुधार करें। हाल ही में कल्जीखाल के ग्राम सकनोली की रुची देवी व कोट ब्लॉक की पिंकी देवी गर्भवती/प्रसव उपरान्त हुई मृत्यु पर जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिये हैं।

आशा व आंगनबाडी वर्कर्स को लेकर स्पष्ट किया कि वे किसी भी समय किसी भी गांव का औचक निरीक्षण कर सकते है। कहा कि आशा व आंगनबाडी वर्कर्स मौके पर नहीं मिली तो आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

सोमवार को आयोजित पीसीपीएनडीटी की बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिंगानुपात की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों यथा गांव, कस्बों को चिन्हित नहीं करने पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति कड़ी नाराजगी प्रकट की। गौरतलब हो कि पिछली बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये गये थे कि जनपद में ऐसे क्षेत्रों का डाटा निकालें जहां विगत दो वर्षों में बालक-बालिका का लिंगानुपात अपेक्षा के अनुरुप नहीं रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सीटी स्कैन की सुविधा वाले दो नगरों कोटद्वार व श्रीनगर के आसपास के इलाकों में कन्या भ्रुण हत्या की सम्भावनाएं निरंतर बनी रहती है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अगले दस दिन के भीतर ऐसे पॉकेट/स्थानों को चिन्हित करना सुनिश्चित करें जहां पर विगत दो वर्ष में लड़कियां की तुलना में अधिक लड़कों ने जन्म लिया है। बैठक में सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, सीएमएस बेस चिकित्सालय श्रीनगर डॉ. रविन्द्र बिष्ट, एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर सहित प्रभारी चिकित्साधिकारी, आशा व आंगनबाडी सुपरवाईजर्स उपस्थित थी।

## निबंध में पुष्पा रानी और ईनायत ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पोस्टर एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीनियर वर्ग की पेंटिंग प्रतियोगिता में प्राची ने प्रथम, एल्फा ने द्वितीय और नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में ईनायत, आरना भट्ट, सचिन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में पुष्पा रानी ने प्रथम, अपर्णा नौटियाल ने द्वितीय, किरन प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयुषी जोशी को सात्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक एसडी नौटियाल ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम के साथ ही कानूनी जानकारी दी। पुलिस टीम में कार्यक्रम संयोजक महेश गिरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी, यातायात निरीक्षक रघुवीर सिंह चौधरी, उप निरीक्षक प्रवीना सिदोला, कांस्टेबल निर्मल यादव, प्रवेज अहमद सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिले की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी को पुलिस ने श्रीनगर से गिरफ्तार किया।

गत रविवार को स्थानीय निवासी पीड़िता ने पैठाणी थाना पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि स्थानीय निवासी राहुल नेगी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर थाना पैठाणी पर आईपीसी की धारा 376/506 व 5/6 पोक्सो अधिनियम के तहत राहुल खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। एसएसपी श्वेता चौबे ने महिला संबंधी अपराध की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल थानाध्यक्ष पैठाणी को टीम गठित करने एवं त्वरित कार्यवाही कर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने सोमवार को अथक प्रयास एवं ठोस सुरागरसी पतारसी कर अभियुक्त राहुल नेगी उम्र 19 वर्ष पुत्र साबर सिंह नेगी निवासी ग्राम मरखोला, थाना पैठाणी को शनि मंदिर अलकनंदा घाट, नर्सरी रोड, थाना श्रीनगर से गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने बताया कि अभियुक्त को माननीय न्यायालय में पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार, अपर उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, मुख्य आरक्षी संजय, कांस्टेबल प्रदीप, हरीश, चालक सलमान आदि शामिल थे।

# पूर्व छात्र बोले आचायों का भय से मिली सफलता

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्यूकालेश्वर के प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी एवं पुरातन छात्र मिलन समारोह में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व छात्र देवेंद्र भट्ट शिप इंजीनियर ने भी अपने बीस वर्षों पूर्व के छात्र जीवन के दिन स्मरण करते हुए कहा कि हमें हमेशा अपने आचार्यों का भय बना रहता था जिसके कारण उस समय खराब लगता था लेकिन बाद में वही भय सफलता का कारण बना।

विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य भरत सिंह रावत द्वारा कार्यक्रम की भूमिका और मनोज कुमार कुकरेती द्वारा स्कूल की स्थापना से वर्तमान तक विद्यालय की दिशा और दशा को अपने अनुभवों के साथ व्यक्त किया। कुलदीप रावत ने अपने समय प्रतियोगिताओं और संगठन में सामंजस्य स्थापित करने के अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष डा. वेदप्रकाश सिलमाना, प्रबंधक अनुसुइया प्रसाद सुंद्रियाल, पूर्व प्रधानाचार्य गणेश ध्यानी, कृष्ण मोहन तड़ियाल, पूर्व छात्र राजीव सिलमाना, यशवंत रावत, भगत सिंह बिष्ट, सौरभ नौटियाल, वंदना नेगी, तनिषा, गोपाल नेगी, दलीप सिंह आदि शामिल रहे।

# राहुल गांधी के जन्म दिन पर फल बांटे




नई टिहरी : जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर जिला अस्पताल बोराड़ी में मरीजों को फल बांटे। इसके बाद जिला कार्यालय में केक काटकर सादगी से राहुल गांधी का जन्म दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी राष्ट्र की आवाज बनकर उभरी है।

उन्होंने हमेशा गरीबों दलितों बेरोजगारों व विभिन्न वर्गों की मांगों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा, प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार, पीसीसी सदस्य देवेंद्र नौडियाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्योति प्रसाद भट्ट, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ममता उनियाल, दिनेश राणा, तनीषा रावत, दिनेश राणा, मंगल सिंह, जोत सिंह, कुलवीर चौहान, विकास नवानी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## डीएम ने जनता मिलन में 16 शिकायतों का किया निराकरण

नई टिहरी : डीएम डॉ. सौरभ गहरवार ने जनता मिलन कार्यक्रम में 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। सम्बंधित अधिकारियों को आम लोगों की शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए। जिला सभागार नई टिहरी में सोमवार को जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधान ग्राम पंचायत गैर (नगुण) ने स्वजल टिहरी से कॉम्पेक्टर वाले स्थान पर एक कक्ष, शौचालय निर्माण एवं सुरक्षा दीवार निर्माण के प्रस्ताव के संबंध में जानकारी चाही। जिस पर जिलाधिकारी ने डीडीओ, डीपीआरओ और एएमए जिला पंचायत को प्रकरण को देखने एवं तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। बोराड़ी निवासी पुष्पा देवी ने बस अड्डा बोराड़ी में आंवटित दुकान के न चलने के कारण दुकान को बाहर आंवटित करवाने का अनुरोध किया। जिस पर अधीक्षण अभियन्ता पुनर्वास एवं ईओ नगरपालिका टिहरी को मौके पर जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम गुल्डी चम्बा की हिमानी सजवाण ने माता-पिता की मृत्यु हो जाने के कारण आर्थिक सहयोग दिये जाने का अनुरोध किया।

# विधायक ने नारायणबगड भूस्खलन क्षेत्र का स्थाई समाधान हेतु विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश



चमोली : ग्वालदम-कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राज मार्ग पर नारायणबगड़ मुख्य बाजार के मध्य व केवर तल्ला गांव के नीचे भूस्खलन क्षेत्र का थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, बीआरओ के कामांडिंग ऑफिसर ई.ई. दिब्य प्रकाश व सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार चौधरी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें भू धसाव क्षेत्र के स्थाई ट्रीटमेंट पर व्यापारियों के साथ चर्चा करते हुए तुरंत कार्य आरंभ किए जाने का आश्वासन दिया गया।

2013 की आपदा से नारायण बगड़ में पिंडर नदी तट पर मुख्य बाजार के नीचे हुए भारी भू कटाव के कारण संपूर्ण नारायण बगड़ बाजार सहित आवासीय मकान इसकी जद में आ गये थे व केवर केवर तल्ला गांव के नीचे व मुख्य बाजार के मध्य क्षेत्र में लगातार भू धसाव से दुकानों मकानों सहित राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया था। व्यापार मंडल अध्यक्ष जयवीर कंडारी और भाजपा महामंत्री दिलीप नेगी द्वारा संपूर्ण भू धसाव क्षेत्र में स्थाई ट्रीटमंट किए जाने को लेकर बीआरओ और सिंचाई विभाग से लगातार मांग कि गई ताकि इस क्षेत्र में दुकानें और भवनों को नुकसान ना पहुंचे। इस संबंध में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक भूपाल राम टम्टा, बीआरओ के कमान कमान अधिकारी तथा सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता की उपस्थिति में स्थानीय व्यापारियों और नगर के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ एक बैठक आयोजित कर इस क्षेत्र में लगातार हो रहे बदलाव के स्थाई समाधान पर चर्चा की गई। जिसमें व्यापार मंडल अध्यक्ष जयवीर कंडारी ने स्थानीय व्यापारियों द्वारा आग्रह किया गया कि सिंचाई विभाग और बीआरओ द्वारा कार्य करते हुए इसका स्थाई रूप से समाधान किया जाए। इस मौके पर थराली मंडल अध्यक्ष नंदू बहगुणा प्रधान मृत्युंजय परिहार, भरत नेगी, दिनेश नेगी, धींरेंद्र नेगी, रघुवीर सिंह ,रणजीत रावत ,दिनेश पाल सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित थे।

क्षेत्रीय विधायक भूपाल राम टम्टा ने कहा कि उनके द्वारा सिचाई विभाग और बीआरओ के उच्च अधिकारियों को नारायण बगड़ मे पिण्डर नदी तट पर भूधसाव वाले क्षेत्र मे स्थाई समाधान हेतु गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिये अवगत कराया गया है। इस सम्बंध में बीआरओ के कमान अधिकारी ई. ई दिव्य प्रकाश ने किस तरह से कार्य होना है विस्तार से बताया और सिचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार चौधरी ने कहा कि उक्त भू धसाव वाले क्षेत्र में 0 से 140 मी. कार्य सिचाई विभाग द्वारा किया जाएगा तथा शेष कार्य बीआरओ के माध्यम से पूर्ण होगा।

# एरोमा मिशन फेस तृतीय सगन्ध पौधों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन



चमोली : एरोमा मिशन फेस तृतीय सगन्ध पौधों पर सी मैप पुरोड़ा द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें काफल किसान उत्पादक कंपनी ग्वालदम द्वारा बागेश्वर के सिरकोट एवं चमोली के ग्वालदम से 25 महिला एवं पुरुष किसानों ने पुरोड़ा में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल हुए। जिसमें औषधीय पौधों की जानकारी प्राप्त कर इसके उत्पादन की संभावनाओ के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ सी मैप पंत नगर के निदेशक डाक्टर प्रमोद त्रिवेदी द्वारा किया गया।सीएसआरआई केंद्रीय औषधीय एवं पौधा संस्थान अनुसंधान केंद्र पंतनगर एवं पुरोड़ा के वैज्ञानिक को द्वारा सुगन्धित औषधीय पौधों लेमन ग्रास, जेरेनियम, मेंथा, रोजमेरी, कैमोमाइल एवं अन्य के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को अपनी पारंपरिक फसलों के साथ ही ढलान वाली ऐसी खेती जहां पर पानी नही रूक पाता हैं जिससे अच्छी फसल का उत्पादन नही हो पाता है अथवा इन गांवों में जहां पर जंगली जानवर फसलों को बेतहाशा नुकसान पहुंचाते आ रहें है। सुगन्धित एवं औषधीय पौधों की खेती कर कर अपनी आमदनी को बढ़ा सकते है। प्रशिक्षण में सी मैप लखनऊपंतनगर एवं पुरोड़ा की ओर से आए हुए वैज्ञानिक डॉ. प्रबल प्रताप सिंह पुरोड़ा सेंटर कोर्डिनेटर, डॉ. आर. सी पड़ालिया, डॉ. दीपेंद्र सिंह, डॉ. ऋतु त्रिवेदी, डॉ. मनोज उपाध्याय, डॉ. रवि वर्मा द्वारा सगंध पौधों की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में काफल किसान उत्पादक कंपनी ग्वालदम के निदेशक भारत भूषण जोशी एवं दर्शना पाठक, परियोजना समन्वयक तुला राम देवराड़ी. काफल किसान समूह की महिला सदस्य, कपकोट, बेरीनाग, अल्मोड़ा रानीखेत, पौड़ी आदि जगह से आये किसान उपस्थित थे। (एजेंसी)

## ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने की मांग उठाई

नई टिहरी : थौलधार ब्लॉक के तल्ला, मल्ला उप्पू और औलणी उप्पू के ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने के लिये गांव में पिंजरा लगाये जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में डीएम और डीएफओ को ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधान सुशीला चौहान ने बताया बीते दो सप्ताह से ग्राम पंचायत तल्ला उप्पू के आसपास गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

गुलदार ग्रामीणों के पशुओं पर भी हमला करने की कोशिश कर चुका है। गुलदार के डर के मारे लोग अकेले में घर से नहीं निकल रहे हैं। मांग करने वालों में महावीर चौहान, भरत सिंह नेगी, धर्मानंद नौटियाल, खुशाल सिंह चौहान आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# बाबा बर्फानी के आश्रम में खिला सीजन का पहला ब्रह्मकमल

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ स्थित बाबा बर्फानी के आश्रम में इस सीजन का पहला ब्रह्मकमल खिला है। वह बीते कई सालों से राज्य पुष्प ब्रह्मकमल के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए कार्य कर रहे हैं। उनकी वाटिका में करीब 25 ब्रह्मकमल पुष्प (राज्य पुष्प) के पौधे तैयार हैं। केदारनाथ धाम में राज्य पुष्प का खिलना प्रकृति के लिए भी शुभ संकेत है। हिमालय यूं तो सदियों से अपनी विभिन्न खूबियों के कारण हर व्यक्ति को प्रभावित करता रहा है। लेकिन ब्रह्मकमल खिलते ही हिमालय में और भी सुंदरता दिखने लगती है। ब्रह्मकमल एक ओर धार्मिक संस्कृति का प्रतीक है वहीं दूसरी ओर वनस्पति एवं औषधीय धरोहर भी है। हिमालय का प्रतिबिंब और बाबा केदार का प्रिय पुष्प हिमालय की दिव्यता एवं सुन्दरता बनाए रखने में अपने दिव्य गुणों से अहम योगदान देता रहता है। इसकी महिमा गुणवत्ता एवं उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए बीते कई सालों से ललित महाराज (बाबा बर्फानी) अपने केदारनाथ आश्रम में प्राकृतिक संरक्षण की अभिनव पहल कर रहे हैं। एक ओर आपदा से वह निरंतर केदारनाथ धाम में साधनारत हैं। वहीं यहां रहते हुए राज्य पुष्प के संरक्षण का भी विशेष कार्य कर रहे हैं। क्लीन हिमालया ग्रीन हिमालया को ध्यान में रखते हुए प्रकृति के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास में जुटे ललित महाराज आश्रम में यात्रियों की सेवा के साथ ही ब्रह्मकमल को धाम में ही उगाने का कार्य कर रहे हैं। इन दिनों उनके आश्रम में वाटिका में पहला ब्रह्मकमल खिला है जिसे वे बाबा केदार को समर्पित करेंगे। ललित महाराज ने बताया कि वह केदारनाथ धाम में बीते कई वर्षों से प्राकृतिकता का संरक्षण कर रहे हैं।


## सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साबिर उम्र 34 वर्ष एवं मोहम्मद शाहिद पुत्रगण स्व0 छोटन मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा बुरी संगति में पड़ चुके है। मेरे पुत्र मेरी देखरेख नहीं करते है तथा मुझे तंग परेशान करते रहते है। उनकी इन हरकतों की वजह से मैंने अपने पुत्र साबिर एवं मोहम्मद शाहिद पुत्रगण स्व0 छोटन को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरे उक्त पुत्रों का मुझसे कोई भी सम्बन्ध नहीं रहेगा। मेरे पुत्र साबिर एवं मोहम्मद शाहिद पुत्रगण स्व0 छोटन द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के अपराध, कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगें। उनके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के अपराध, कृत्य एवं लेन-देने के लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगी।

**अमजदी बेगम पत्नी स्व0 छोटन निवासी आमपड़ाव इन्दिरानगर पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।**

(1108/21)


## राहुल गांधी के जन्मदिन पर पिलाया शरबत

श्रीनगर गढ़वाल : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने नगर के गोलापार्क में स्टॉल लगाकर लोगों को शरबत वितरित किया। इस मौके पर पार्टी के नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, वीरेंद्र सिंह नेगी, अमित धनाई, भगत सिंह डागर, विनोद मैठाणी, सुधा तिवारी, कल्याणी, सूरज नेगी, विजय रावल, वीर सिंह नेगी, सौरभ नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## लोगों ने सीखें योग आसनों के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शिशु मंदिर श्रीनगर में सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम शुरू हो गया है। 21 जून विश्व योग दिवस तक चलने वाले इस शिविर में योग शिक्षक आशुतोष स्थानीय लोगों को योग से होने वाले फायदों और विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम के बारें में जानकारी देगें। योग शिक्षक आशुतोष ने कहा कि योग हमारी प्राचीन और सनातन पद्धति है और इसके प्रति लोगों को जागरूक करना होगा।

# सीडीओ ने किया पॉलीहाउस निर्माण कार्यों की समीक्षा



चमोली : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने सोमवार को सभी बीडीओ एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए नाबार्ड योजनान्तर्गत पॉलीहाउस निर्माण कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर बीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जाए। साथ ही एक विशेष उत्पाद पर फोकस करते हुए चयनित किसानों को एक्सपोजर विजिट कराया जाए। बैठक में सभी के सुझाव भी लिए गए। मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि नाबार्ड की आरआईडीएफ योजनान्तर्गत इस वर्ष जिले में 970 पॉलीहाउस निर्माण का लक्ष्य है। जिसमें क्लस्टर बेस पर 50 वर्ग मीटर से लेकर 500 वर्गमीटर तक के पॉलीहाउस का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत एक समूह में 5 कृषक होना अनिवार्य है जिन्हें कम से कम 10 पॉलीहाउसों से लाभान्वित किया जाएगा। प्रति क्लस्टर 25 या उससे अधिक पॉलीहाउसों की स्थापना की जाएगी। योजना में 80 प्रतिशत राज सहायता देय है। विभाग द्वारा योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियावयन हेतु पात्र कृषकों/किसान उत्पादक समूहों को पुष्प, सब्जी उत्पादन की नवीन तकनीकों, भण्डारण विपणन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्या, सहकारिता विभाग के योगेश जोशी सहित सभी बीडीओ उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

ऋषिकेश। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष से लूट और मारपीट की जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस कप्तान ने एक दरोगा और दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। थाने की कमान भी प्रशिक्षु आईपीएस जितेंद्र मेहरा को सौंपी गई है। जानकारी के मुताबिक 17 जून को भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत ने दरोगा नीरज त्यागी और अरुण कुमार तथा अनुराग कुमार पर मारपीट और बदसलूकी का आरोप लगाया था।


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

### निविदा विस्तार सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **निविदा सं0 05/23–24** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 30.06.2023 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 01.07.2023 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

पत्रांक : 1633/विविखको/टी–6
दिनांक : 19.06.2023

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार**

(CIN) U40109UP2001SG025867/2358 विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## सम्पादकीय

# गर्भ ग्रह में आस्था से खिलवाड़

उत्तराखंड का पवित्र धाम केदारनाथ एक बार फिर चर्चाओं में है और सोशल मीडिया पर यहां होने वाली तमाम गतिविधियां सुर्खियां बटोर रही हैं। पिछले सीजन में केदारनाथ धाम के अंदर परिसर में एक व्यक्ति द्वारा हस्की नस्ल के कुत्ते को भगवान शंकर की सवारी नंदी से स्पर्श कराने पर खासा बवाल मच चुका है हालांकि उसके बाद मंदिर समिति ने जानवरों के प्रवेश को लेकर सतर्कता बरतनी शुरू की तो इस बार मंदिर के गर्भ गृह में एक महिला द्वारा भगवान भोलेनाथ पर नोटों की वर्षा करने का मामला तूल पकड़ चुका है। मंदिर के गर्भ गृह में ना केवल वीडियो बनाया गया बल्कि नोट उड़ाते हुए महिला नृत्य करती हुई नजर आई है। यह उस गर्भगृह का दृश्य है जहां किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करने पर पूर्णतया प्रतिबंध है। ऐसी पाबंदियों के बावजूद पूरे इत्मीनान के साथ वीडियो बनाया गया है और मंदिर समिति से जुड़े पुजारी खुद इस वीडियो में मूकदर्शक बने हुए खड़े नजर आ रहे हैं। अब प्रश्न उठता है कि ऐसे समय में जब केदारनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या नियंत्रण से बाहर हो रही है और सामान्य श्रद्धालुओं को चंद क्षण भी दर्शन के लिए नहीं मिलते, इन परिस्थितियों में एक महिला ना केवल गर्भ ग्रह के अंदर भोलेनाथ पर नोट बरसाए हुवे नृत्य कर रही है बल्कि उसका वीडियो भी बन रहा है। यहां इस खास श्रद्धालु के लिए समय की कोई पाबंदी नहीं है और ना ही कोई रोकने टोकने वाला। एक तरफ हजारों श्रद्धालु लंबी प्रतीक्षा करते हुए अपने आराध्य का दर्शन करने के लिए खड़े हैं तो वही गर्भ ग्रह में ऐसे कृत्य किए जा रहे हैं जोकि केदारनाथ धाम की गरिमा के अनुरूप बिल्कुल भी नहीं कहे जा सकते। वीडियो वायरल होने के बाद भी मंदिर समिति की ओर से कोई कार्रवाई करने की पहल नहीं की गई, कारवाई तब हुई जब सोशल मीडिया पर इस वीडियो पर हिंदी भजन डालकर उसे पोस्ट किया। अपलोड की गई वीडियो (रील) से बवाल मच गया और चारों ओर मंदिर समिति को सवालों के घेरे में खड़ा किया जाने लगा। हंगामा होने पर मंदिर समिति की ओर से उक्त मामले में मुकदमा दर्ज कराया लेकिन सिर्फ मुकदमा दर्ज कराने से मंदिर समिति इस प्रकार के कृत्य में अपनी भागीदारी की जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। केदारनाथ से जुड़ा स्वर्ण दीवार का मामला पहले ही काफी तूल पकड़ चुका है उस पर केदारनाथ धाम में इस प्रकार की हरकतें प्रबंधकर्ताओं पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है। केदारनाथ धाम करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है और यहां भगवान के चरणों के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु कई घंटों तक पंक्तियों में अपनी बारी का इंतजार करते हैं। कुछ रसूखदार और प्रभावशाली हालांकि मनमाफिक दर्शन करते हुए खुद को सौभाग्यशाली समझते हैं तो कुछ इन व्यवस्थाओं का लाभ उठाते हुए इस प्रकार की ओछी हरकतें करने से बाज नहीं आते। मंदिर समिति को दर्शन करने के प्रोटोकॉल पर अब गंभीरता से चिंतन करना होगा साथ ही व्यवस्था ऐसी पुख्ता करनी होंगी जो श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस ना पहुंचाएं। मंदिर समिति के उच्च प्रबंधकर्ताओं को गर्भ ग्रह में उस वक्त मौजूद पुजारियों से भी स्पष्टीकरण मांगना चाहिए और यह स्पष्ट होना चाहिए कि किन परिस्थितियों में इस प्रकार का वीडियो गर्भ गृह में बनाया गया और केदारखंड पर नोट बरसाए गए। प्रश्न फिर वही खड़ा होता है कि आखिर दर्शनों के नाम पर इस प्रकार की हरकतें कब रुकेगी और भक्तों की आस्था से कब तक खिलवाड़ चलता रहेगा, वह भी कर्ता–धर्ताओं की नाक के नीचे।

# अमेरिकी इतिहास को देखते हुए भविष्य के लिए भारत उस पर कितना भरोसा कर सकता है?

**संतोष पाठक**



अमेरिकी सरकार भारत की पूर्ण बहुमत वाली मजबूत सरकार के मजबूत प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करने को तैयार है लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि अमेरिका पर कितना ज्यादा भरोसा किया जा सकता है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के निमंत्रण पर 21 जून से 24 जून तक अमेरिका की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी सातवीं बार अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं। हालांकि अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली राजकीय यात्रा होगी यानी इस बार नरेंद्र मोदी अमेरिकी सरकार के आधिकारिक राजकीय मेहमान होंगे।

अमेरिका की आर्थिक हालत और प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे के दौरान होने वाले समझौते को देखते हुए इसे दुनिया के सबसे पुराने एवं विशाल लोकतंत्र और दुनिया के सबसे ताकतवर लोकतंत्र के बीच संबंधों की शुरुआत का एक नया अध्याय भी बताया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस अमेरिकी दौरे के दौरान सब की नजरें खासतौर से दोनों देशों के बीच होने वाले अहम बिजनेस और डिफेंस डील पर टिकी हुई हैं। अगर जेट इंजन बनाने की टेक्नोलॉजी अमेरिका भारत को देने के लिए तैयार हो जाता है तो भारतीय प्रधानमंत्री का यह दौरा अपने आप में ऐतिहासिक बन जाएगा। अभी तक के हिसाब से 22 हजार करोड़ रुपए के आर्म्स ड्रोन्स और 350 लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाने की तकनीक अमेरिका से खरीदने की बात हो रही है। अमेरिका इसके लिए पिछले कुछ सालों से जोरदार लॉबिंग कर रहा था। डील के हिसाब से यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री का अमेरिका का अब तक का सबसे बड़ा दौरा माना जा रहा है। भारत की ताकत पिछले कुछ सालों के दौरान वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और भारत आज विश्व के अनेक देशों के साथ भारतीय रुपए में व्यापार कर रहा है।

अमेरिका भारत की बढ़ते ताकत और वैश्विक प्रभाव एवं आभामंडल को महसूस कर रहा है और इसलिए वह भारत की पूर्ण बहुमत वाली मजबूत सरकार के मजबूत प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करने को तैयार है लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि अमेरिका पर कितना ज्यादा भरोसा किया जा सकता है? क्या अमेरिका वाकई भरोसे के लायक है? अगर आने वाले दिनों में भारत पर कोई मुसीबत आती है या चीन अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए भारत के साथ युद्ध लड़ने का फैसला कर लेता है तो ऐसे हालात में क्या अमेरिका भारत के साथ खड़ा होगा? क्या भारत अमेरिका पर एक दोस्त की तरह भरोसा कर सकता है? इसका जवाब हां में तो बिल्कुल ही नहीं होने जा रहा है।

1947 में भारत को आजादी मिली, लेकिन आजादी मिलने के पहले से ही अमेरिका ने ब्रिटिश भारत के दौरान अपने राजदूत को दिल्ली भेज कर भारत की आजादी की लड़ाई और बाद में भारत के बंटवारे में एक अलग तरह की ही भूमिका निभाई थी। भारत को आजादी मिलने के बाद भी, अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ बार–बार युद्ध लड़ने की हिम्मत कर पाया तो इसकी सबसे बड़ी वजह उसकी पीठ पर अमेरिका का हाथ होना था। पिछले कुछ दशकों के दौरान अर्थव्यवस्था से लेकर सुरक्षा की नीति तक अमेरिका ने हर बार या यूं कहे कि बार–बार भारत को छोटा दिखाने की कोशिश की। यहां तक कि पिछले कुछ दशकों के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जब भी भारत के खिलाफ कोई प्रस्ताव आया तो उसमें भी अमेरिका की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वर्तमान में भी अमेरिका का रवैया पूरी तरह से बदल गया हो, ऐसा नजर नहीं आ रहा है। एक तरफ जहां अमेरिका भारत को अपना सबसे बड़ा दोस्त बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी अमेरिकी दौरे को ऐतिहासिक बता रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अमेरिका का विदेश विभाग पिछले कुछ दिनों से भारत के अंदर धार्मिक आजादी और अल्पसंख्यकों के साथ किए जा रहे भेदभाव का मसला उठा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा और समाज में शांति एवं सौहार्द के मामले में भारत का रिकॉर्ड अमेरिका से कहीं ज्यादा बेहतर है। भारतीयों की बुद्धिमतता और टैलेंट के बल पर रोज नए कीर्तिमान बना रहा अमेरिका भारतीयों के लिए वीजा या ग्रीन कार्ड के मसले पर भी अपने स्टैंड को कड़ा बनाए हुए हैं। यह भी अमेरिकी नीति के एक बड़े विरोधाभास को दिखाता है।

अमेरिका स्वयं अपने देश के हितों खासतौर से आर्थिक, व्यापारिक और सामरिक हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। किसी भी देश को कभी भी गच्चा दे सकता है। किसी भी देश की आंतरिक स्थिति को किसी भी स्तर तक जाकर खराब कर सकता है। लेकिन वही अमेरिका भारत पर यह दबाव डाल रहा है कि रूस यूक्रेन की लड़ाई में भारत एक स्टैंड ले और रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद कर दे जबकि अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देश रूस यूक्रेन लड़ाई में किस तरह से ढुलमुल रवैया अपना रहे हैं और अपना–अपना हित साध रहे हैं, यह पूरी दुनिया देख रही है।

> 1947 में भारत को आजादी मिली, लेकिन आजादी मिलने के पहले से ही अमेरिका ने ब्रिटिश भारत के दौरान अपने राजदूत को दिल्ली भेज कर भारत की आजादी की लड़ाई और बाद में भारत के बंटवारे में एक अलग तरह की ही भूमिका निभाई थी। भारत को आजादी मिलने के बाद भी, अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ बार–बार युद्ध लड़ने की हिम्मत कर पाया तो इसकी सबसे बड़ी वजह उसकी पीठ पर अमेरिका का हाथ होना था। पिछले कुछ दशकों के दौरान अर्थव्यवस्था से लेकर सुरक्षा की नीति तक अमेरिका ने हर बार या यूं कहे कि बार–बार भारत को छोटा दिखाने की कोशिश की। यहां तक कि पिछले कुछ दशकों के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जब भी भारत के खिलाफ कोई प्रस्ताव आया तो उसमें भी अमेरिका की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक तरफ जहां अमेरिकी राष्ट्रपति और अमेरिकी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने को तैयार हैं और इस दौरे को ऐतिहासिक बता रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर अमेरिका, चीन के साथ भी अपने रिश्ते को सुधारने की कोशिश कर रहा है। एक तरफ जहां अमेरिका, भारत को चीन के खिलाफ खड़ा करने का मंसूबा पाले बैठा है तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय प्रधानमंत्री के अमेरिकी दौरे से ठीक पहले अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन चीन के दौरे पर जाकर रविवार को पेइचिंग में चीन के विदेश मंत्री छिन कांग के साथ एक हाई लेवल कूटनीतिक वार्ता शुरू करते हैं, जिसके कई राउंड होने हैं और इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री की चीन के राष्ट्रपति से भी मुलाकात होनी है।

दरअसल, अमेरिका की यह पुरानी कूटनीति रही है कि वह हमेशा दो शत्रु देशों को एक–दूसरे के खिलाफ इस्तेमाल करता रहा है। पहले उसने भारत के खिलाफ शत्रुता का स्थायी भाव रखने वाले पाकिस्तान को भारत के खिलाफ खड़ा किया और अब भारत–चीन के बीच चल रहे आपसी तनाव का फायदा उठाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन शायद उसे अंदाजा नहीं है कि यह नया भारत है, अब भारत बदल गया है। यह नया भारत, पहले से कहीं अधिक मजबूत, पहले से कहीं अधिक ताकतवर है। अब सरकार की सोच भी बदल गई है। अब भारत में एक ऐसी सरकार है जिसकी सोच पहले से कहीं अधिक स्पष्टवादी है और जिसका स्टैंड बिल्कुल साफ है कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। अब यह नया भारत झुकेगा नहीं, रुकेगा नहीं और बहकेगा भी नहीं इसलिए अमेरिका को अब अपना यह पुराना खेल बंद करना पड़ेगा। भारत को भी अमेरिका से सावधान रहने की जरूरत है।

# कब शांत होगा मणिपुर?

बेशक कहा सकता है कि आरंभ में केंद्र सरकार मणिपुर में विस्फोटक हो चुकी हालत का सटीक जायजा लेने में नाकाम रही। वरना, अब जो कोशिशें शुरू हुई हैं, उन्हें इस महीने के आरंभ में तभी किया जाता, जब अचानक मणिपुर सुलग उठा था। मणिपुर में महीने भर से जारी हिंसा और आगजनी के बीच आखिरकार गृह मंत्री अमित शाह ने चार दिन का राज्य का दौरा शुरू किया है। इसके पहले सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे राज्य में सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा के लिए वहां गए थे। यह तो बेशक कहा सकता है कि आरंभ में केंद्र सरकार मणिपुर में विस्फोटक हो चुकी हालत का सटीक जायजा लेने में नाकाम रही। वरना, अब जो कोशिशें शुरू हुई हैं, उन्हें इस महीने के आरंभ में तभी किया जाता, जब अचानक मणिपुर सुलग उठा था। जारी हिंसा के बीच राज्य में मैतेयी और कुकी समुदायों के बीच खाई बेहद चौड़ी हो चुकी है। इस बीच राज्य सरकार 40 कुकी आतंकवादियों को मार गिराने का दावा कर पूरे घटनाक्रम में एक नया पहलू जोड़ चुकी है। सवाल यह उठा है कि क्या मणिपुर अब आतंकवाद ग्रस्त हो गया है? राज्य में भाजपा नेताओं पर हमलों की घटनाएं भी हुई हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. आरके रंजन, राज्य में मंत्री गोविंद दास, विश्वजीत और खेमचंद के घरों पर हमले हो चुके हैं। संभवतः सबसे बड़ा सवाल यह उठा है कि मौजूदा हिंसा ने पर्वतीय और मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच नफरत और अविश्वास की जो गहरी खाई पैदा की है, क्या उसे निकट भविष्य में पाटा जा सकेगा?

राज्य के राजनीतिक विश्लेषकों का तो अनुमान है कि मैतेई और कुकी संगठनों के बीच दशकों पुराने इस विवाद के अब इस हद तक सुलग उठने के बाद दोनों समुदायों के बीच बढ़ी कड़वाहट खत्म होने के आसार कम ही हैं। यह भी गौरतलब है कि न सिर्फ पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी, बल्कि मैदानी इलाकों के बाशिंदे मैतेयी समुदाय के लोग भी प्रशासन से बेहद खफा हैं। एक घटना में मैतेयी–बहुल विष्णुपुर जिले में सैकड़ों महिलाओं ने नेशनल हाई–वे की नाकेबंदी कर असम राइफल्स के जवानों को भीतरी इलाकों में जाने से रोक दिया। उनका आरोप था कि सेना और सुरक्षा बल हिंसा और आगजनी से उनकी रक्षा करने में नाकाम रहे हैं। क्या अमित शाह की यात्रा से लोगों में भरोसा बहाल करने में मदद मिलेगी?

# कांग्रेस से कुर्बानी की उम्मीद के कारण विपक्ष में एकता हो पाना मुश्किल

विपक्षी दल आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस की कुर्बानी चाहते हैं। कांग्रेस इस एकता के पीछे छिपे विपक्षी दलों के अपने राज्यों में अकेला रहने की नीयत को अच्छी तरह पहचानती है। इस एकता की कवायद को लेकर विपक्षी दलों की हालत इधर कुआ और उधर खाई जैसी हो गई है। विपक्षी दलों को भाजपा के साथ ही कांग्रेस से भी खतरा है। भाजपा से मुकाबले में वोटों के बिखराव को रोकने के लिए विपक्षी दल कांग्रेस को भी अपने जनाधार वाले राज्यों से चुनावी मैदान से हटाने चाहते हैं। ऐसे में विपक्षी एकता के लिए 23 जून को नीतिश कुमार के आह्वान पर पटना में होने वाली बैठक में एकराय कायम करने का मामला खटाई में पड़ता नजर आ रहा है।

गौरतलब है कि हिमाचल और कर्नाटक का चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस के मंसूबे सातवे आसमान पर हैं। कांग्रेस को भी अंदाजा है कि है कि भाजपा के साथ–साथ विपक्षी दलों के प्रभाव वाले राज्यों में चुनाव लड़े बगैर केंद्र में सरकार बनाने और राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता। कांग्रेस ने बेशक अपनी महत्वाकांक्षा का खुलकर इजहार नहीं किया है, किन्तु उसके इरादो से साफ जाहिर है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। विपक्षी दल चाहते हैं कि कांग्रेस सिर्फ उन्हीं 200 संसदीय सीटों पर फोकस करना चाहिए, जहां बीजेपी से उसका सीधा मुकाबला है। विपक्ष की शर्तों पर कांग्रेस राजी नहीं है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए हो रही विपक्षी एकता के मसले पर जो बात ममता कह रही हैं वही अखिलेश और केसीआर भी कह रहे हैं कि जहां पर जो दल मजबूत है, वो चुनाव लड़े और विपक्ष के बाकी दल उसे समर्थन करें। लेकिन कांग्रेस इस पर रजामंद नहीं है। कांग्रेस को पता है कि इन जहां भाजपा से सीधा मुकाबला है, वहां तीसरा मजबूत दल नहीं है। इसलिए विपक्ष की यह खैरात कांग्रेस को पसंद नहीं है। इन सीटों पर अन्य दल चाह कर भी कांग्रेस और भाजपा के बीच आकर



मुकाबले त्रिकोणीय या बहुल नहीं बना सकते, ऐसे में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के आधार वाले राज्यों में चुनाव नहीं लडने़ की शर्त को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

कांग्रेस उन 200 लोकसभा सीटों पर तो चुनाव लडऩा चाहती है, जिस पर उसे सीधे बीजेपी से लडऩा है। इसके साथ–साथ कांग्रेस की नजर उन राज्यों की सीटों पर भी है, जहां भाजपा के मुकाबले क्षेत्रीय दल मजबूत हैं। लेकिन क्षत्रप अपने राज्यों में कांग्रेस को स्थान नहीं देना चाहते हैं, क्योंकि उनका सियासी आधार कांग्रेस की जमीन पर खड़ा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव समेत तमाम विपक्षी दल के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस उनके प्रभाव वाले राज्यों से चुनाव नहीं लड़े, ताकि भाजपा से सीधे मुकाबले में वोटों का बंटवारा नहीं हो। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि हमने अनुमान लगाया है कि कांग्रेस 200 सीटों पर मजबूत है। अगर कांग्रेस कुछ अच्छा चाहती हैं तो कुछ जगहों पर त्याग भी करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश (सपा) को प्राथमिकता देनी होगी। ममता ने दूसरे राज्यों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु, झारखंड, पंजाब, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाली पार्टियों को प्राथमिकता देनी चाहिए। बिहार में नीतीश, तेजस्वी और कांग्रेस साथ हैं तो वे फैसला ले सकते हैं। विपक्षी दलों को लगता है कि कांग्रेस उनके प्रदेश में अगर मजबूत होती है, तो भविष्य में उनके लिए ही चिंता बढ़ा सकती है। इसीलिए विपक्षी दल कांग्रेस को उन्हीं सीटों के इर्द–गिर्द रखना चाहतें हैं, जहां उसका मुकाबला सीधा भाजपा से है। कांग्रेस इस बात को समझती है कि केंद्र की सत्ता को दोबारा से हासिल करनी है तो उसे पहले राज्यों में मजबूत होना होगा, इसीलिए कांग्रेस विपक्षी एकता से ज्यादा फोकस राज्यों के चुनाव पर कर रही है ताकि पहले खुद मजबूत हो ले। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा कांग्रेस को सुझाई जा रही 200 सीटों के नतीजों को देखें तो बीजेपी 178 सीटें जीतने में सफल रही थी। कांग्रेस को महज 16 सीटें मिली थीं। 6 सीटें अन्य के खाते में गई थीं। इससे पहले वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में इन 200 सीटों में से बीजेपी 168 सीटें जीतने में कामयाब रही थी और कांग्रेस को सिर्फ 25 सीटें मिली थीं। इसके अलावा 7 सीटें दूसरे दलों ने जीती थीं।

कांग्रेस–विपक्षी दल के अपने–अपने मकसद हैं। यूपी में सपा और बसपा का सियासी आधार आज वही है जो कभी कांग्रेस का हुआ करता था। इसी तरह बंगाल में ममता बनर्जी भी कांग्रेस की जमीन पर ही खड़ी हैं। लोकसभा चुनाव के नजरिये से उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है। दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर गुजरता है। इसका कारण है कि यहां सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीटें हैं। जो पार्टी जितनी ज्यादा सीटों पर कब्जा जमा लेगी वही केंद्र में सरकार बनाने में मजबूत रहेगी। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश से दूर रहे। कांग्रेस किसी भी सूरत में उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़े बगैर नहीं रह सकती है। कांग्रेस का राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने और केंद्र में गठबंधन सरकार में मुख्य भागीदारी का सपना उत्तर प्रदेश के बगैर पूरा नहीं हो सकता।कांग्रेस और बीजेपी के बीच ज्यादातर सीधा मुकाबला उत्तर भारत के राज्यों में है। मध्य प्रदेश (29), कर्नाटक (28), राजस्थान (25), छत्तीसगढ़ (11), असम (14), हरियाणा (11) हिमाचल (4), गुजरात (26), उत्तराखंड (5), गोवा (2), अरुणाचंल प्रदेश (2), मणिपुर (2),

> **कांग्रेस–विपक्षी दल के अपने–अपने मकसद हैं। यूपी में सपा और बसपा का सियासी आधार आज वही है जो कभी कांग्रेस का हुआ करता था। इसी तरह बंगाल में ममता बनर्जी भी कांग्रेस की जमीन पर ही खड़ी हैं। लोकसभा चुनाव के नजरिये से उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है। दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर गुजरता है। इसका कारण है कि यहां सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीटें हैं। जो पार्टी जितनी ज्यादा सीटों पर कब्जा जमा लेगी वही केंद्र में सरकार बनाने में मजबूत रहेगी। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश से दूर रहे। कांग्रेस किसी भी सूरत में उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़े बगैर नहीं रह सकती है।**

चंडीगढ़ (1), अंडमान और निकोबार (1) और लद्दाख (1) में लोकसभा सीट है। इस तरह ये 162 लोकसभा सीटें होती है, जहां पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच ही मुकाबला होना है। वहीं, 38 लोकसभा सीटें उन राज्यों की हैं, जहां क्षेत्रीय दल मजबूत स्थिति में हैं, लेकिन इन सीटों पर मुकाबला कांग्रेस से होता है। इस फेहरिस्त में पंजाब की कुल 13 सीटों में से 4, महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 14, यूपी की 80 में 5, बिहार की 40 में से 4, तेलंगाना की 17 में से 6 और 5 सीटें आंध्र प्रदेश और केरल की हैं।कर्नाटक के बाद अब मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव नतीजों के वोटिंग ट्रेंड का आंकलन करते हैं तो राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से सिर्फ बीजेपी को 4 सीटों पर बढ़त मिली है जबकि 21 सीटों पर कांग्रेस आगे रही है।

# उमस भरे मौसम में मेकअप से ज्यादा दें लिपस्टिक पर ध्यान

मॉनसून और गर्मी के संगम का यह मौसम उमस पैदा करता है जिससे पसीना और चिपचिपापन होने लगता है। यह मौसम महिलाओं के लिए परेशानी का कारण बनता है, क्योंकि उनके चेहरे पर मेकअप सही से टिक नहीं पाता और लुक खराब होने लगता है। ऐसे में महिलाओं को मेकअप से ज्यादा ध्यान लिपस्टिक पर देना चाहिए। जो अपनी खूबसूरती से आपका आकर्षण बढ़ाने का काम करती है। इसके लिए आपको जरूरत है लिपस्टिक के सही शेड की। आज हम अपने पाठकों को परफेक्ट लुक देने वाले लिपस्टिक के खूबसूरत शेड की जानकारी देने जा रहे हैं–

**फ्यूशिया पिंक कलर** चेहरे को बिना मेकअप भी खूबसूरत दिखाना है तो बस टोनर से चेहरे की त्वचा को साफ कर एक अच्छे से लिप कलर को अप्लाई करें। फ्यूशिया पिंक कलर का शेड इस मौसम में चेहरे को खूबसूरत लुक देगा। उमसभरी गर्मी में इस कलर का लिप कलर फ्रेश लुक देता है।

**कोरल शेड** कोरल शेड का लिप कलर फॉर्मल लुक के साथ ही ब्राइट स्किन टोन पर सूट करता है। क्रीमी टेक्सचर होने के साथ ही ये ट्रेंड में भी है। वहीं जूम मीटिंग के लिए भी ये शेड बिल्कुल परफेक्ट है। **न्यूड शेड लिप कलर**

अगर आप नेचुरल लुक के साथ ही बोल्ड लुक चाहती हैं तो आजकल न्यूड शेड या फिर ब्राउन शेड के लिपकलर भी बेस्ट ऑप्शन हैं। वहीं इस लिप शेड के साथ ब्राउन कलर का आईशैडो भी मैच किया जा सकता है।

# डेटा सुरक्षा में बड़ी सेंध

जिस युग में डेटा को सोना कहा जाता है, डेटा सुरक्षा के ऐसे हाल के साथ कोई भी देश सुरक्षित रहने और विकास मार्ग पर चलने को लेकर आश्वस्त नहीं हो सकता। सरकार को ताजा घटना का पूरा सच देश को बताना चाहिए।

कोविन एप के जरिए स्टोर हुए लोगों के निजी डेटा की हैकिंग पर सरकार ने जो बयान दिए हैं, उससे कहीं यह भरोसा नहीं बंधता की ऐसी घटना नहीं हुई है। सिर्फ यह कह देना पर्याप्त नहीं हो सकता कि सारा डेटा सुरक्षित है और इसमें सेंध लगने की खबरें शरारतपूर्ण हैं। अगर ऐसा है, तो पहले एक मलयालम वेबसा-इट और फिर कई अन्य समाचार माध्यमों में नेताओं और अन्य लोगों की निजी जानकारियों के स्क्रीन शॉट्स कैसे प्रकाशित हो गए? सूचना तकनीक मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस बारे में जो पहला बयान दिया, उससे स्थिति स्पष्ट होने के बजाय कई नए सवाल खड़े हो गए। इसलिए बेहतर होता कि कोरोना वैक्सीन लगवाने की अनिवार्य शर्त बना कर सरकार ने लोगों की जो निजी सूचनाएं ऐप के जरिए इक्ठी की थीं, अगर हैकरों ने उसकी सुरक्षा तोड़ दी है, तो वह इस बात को स्वीकार करती। साथ ही इसकी व्यापक जांच शुरू करती, ताकि हैकरों तक पहुंचा जा सके। कुछ महीने पहले नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सर्वर की भी हैकिंग हुई थी। तब हैकरों ने महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य डेटा चुरा लिए थे। उसकी जांच कहां पहुंची, यह आज तक सार्वजनिक नहीं की गई है।




दरअसल, भारत में डेटा सुरक्षा में सेंध लगने की सिर्फ यही दो घटनाएं नहीं हैं। जिस युग में डेटा को सोना कहा जाता है, उस समय डेटा सुरक्षा के ऐसे हाल के साथ कोई भी देश सुरक्षित रहने और विकास मार्ग पर चलने को लेकर आश्वस्त नहीं हो सकता। अन्य सूचनाओं के साथ–साथ स्वास्थ्य संबंधी डेटा की भी बाजार में ऊंची कीमत है, इसलिए अपराधी हैकरों की नजर इन पर रहती है। यह सरकार और उन संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि जिन लोगों का डेटा वे लेते हैं, उन्हें सुरक्षित रखें। भारत में सरकार और संस्थाएं इस जिम्मेदारी को निभाने में नाकाम नजर आ रही हैं। महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि अगर इसी तरह सैन्य सुरक्षा और बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी आंकड़ों की चोरी कर ली गई, तो उसका क्या परिणाम होगा? इसलिए सरकार को ताजा घटना को अति गंभीरता से लेना चाहिए और इसका पूरा सच देश को बताना चाहिए।

## नीतीश सरकार को झटका, जीतन राम मांझी गुट ने किया महागठबंधन से समर्थन वापस लेने का ऐलान

**पटना (एजेंसी)।** बिहार से बड़ी खबर सामने आई है। नीतीश सरकार को झटका देते हुए हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने महागठबंधन से पार्टी का समर्थन वापस लेने का ऐलान किया है। हिंदुस्तान हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन ने कहा कि जीतन राम मांझी और वह खुद आज दिल्ली जाएंगे और नई संभावनाओं पर विचार करेंगे। साथ ही दिल्ली में एनडीए के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि वो खुले मन से नए संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं। सुमन ने पिछले हफ्ते ही नीतीश कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इस दौरान नीतीश कुमार पर जद (यू) में अपनी पार्टी के विलय का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। सुमन ने कहा कि वह विकल्प तलाशने के लिए बाद में दिल्ली आएंगे और अगर भाजपा नीत गठबंधन उन्हें निमंत्रण देता है तो वह एनडीए के आमंत्रण पर विचार करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि, हम तीसरा मोर्चा स्थापित करने का विकल्प भी खुला रख रहे हैं।'

## आईएसएफ कर्मी की हत्या में अराबुल सहित 20 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पंचायत चुनाव को लेकर जहां राज्य में खून खराबा जारी है। वहीं दक्षिण 24 परगना के भांगड़ में आईएसएफ कार्यकर्ता मोहम्मद मोहिउद्दीन मोल्ला की हत्या के सिलसिले में तृणमूल नेता अराबुल इस्लाम और उनके बेटे सहित 20 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। परिवार की ओर से यह प्राथमिकी काशीपुर थाने में दर्ज करवाई गई है। गत 15 जून को नामांकन को केंद्र कर वहां हिंसा हुई थी जिसके बाद आईएसएफ कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मोहिउद्दीन के पिता कुतुबुद्दीन मोल्ला ने आज दोपहर बताया है कि रविवार रात उन्होंने काशीपुर थाने में लिखित शिकायत दी है जिनमें इन 20 लोगों को नामजद किया गया है। उस शिकायत के आधार पर हत्या, हत्या की कोशिश, सामूहिक षड्यंत्र समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। भांगड़ में हिंसा को लेकर यह सातवां मामला है जो काशीपुर थाने में दर्ज किया गया है। मीडिया कर्मियों पर भी हमले को लेकर एक अलग से प्राथमिकी दर्ज हुई है। हत्या के मामले में अराबुल इस्लाम के साथ ही उनके बेटे हकीमुल और तृणमूल नेता शरीफुल को भी नामजद किया गया है। अराबुल इस्लाम ने इस संबंध में कहा कि मेरा या मेरे बेटे का हत्या के इस वारदात से कोई लेना-देना नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के भी दो लोगों की हत्या हुई है।

## चुनाव आयुक्त के खिलाफ हाई कोर्ट में अवमानना का मामला

**कोलकाता (एजेंसी)।** राज्य निर्वाचन आयोग के खिलाफ विपक्ष ने अवमानना का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्रीय बल को राज्य में आगामी पंचायत चुनावों में सुरक्षा के लिए शनिवार तक नियुक्ति को कहा है। विपक्ष का आरोप है कि समय सीमा बीतने के बाद भी निर्देश पर अमल नहीं किया गया है। राज्य के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और कांग्रेस नेता अबू हशम खान चौधरी उर्फ डालू ने आज कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया। चीफ जस्टिस टी. एस. शिव गणनम ने याचिका की इजाजत दे दी है। साथ ही मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आयोग ने हाईकोर्ट के आदेश को लागू नहीं किया है, उन्हें भी समाचार पत्र के माध्यम से पता चला।कलकत्ता हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि राज्य के सभी जिलों में केंद्रीय बलों की सुरक्षा में मतदान कराया जाए।

# मान सरकार के मुफ्त गुरबाणी प्रसारण के फैसले पर बवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब की भगवंत मान सरकार ने एलान किया है कि अमृतसर में हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) से गुरबाणी का प्रसारण मुफ्त किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार सिख गुरुद्वारा एक्ट 1925 में एक नया क्लॉज जोड़ेगी। हालांकि, आप सरकार के इस फैसले का विरोध शुरू हो गया है। सिखों की सवोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) समेत शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस इसका जमकर विरोध कर रहे हैं। इनका तर्क है कि संसद द्वारा बनाए गए कानून को राज्य सरकार बदल नहीं सकती है।

पंजाब सरकार के गुरबाणी के मुफ्त प्रसारण वाले फैसले ने विवाद खड़ा कर दिया है। ऐसे में जानना जरूरी है कि गुरबाणी के प्रसारण को लेकर आप सरकार का निर्णय आखिर है क्या? इस फैसले की वजह क्या है? अब विरोध क्यों हो रहा है? राजनैतिक दल फैसले पर क्या कह रहे हैं?



इस पर सरकार का क्या रुख है?

श्री हरमंदिर साहिब से गुरबाणी का प्रसारण सभी के लिए मुफ्त किया जाएगा। इसके लिए किसी निविदा की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को मंत्रिमंडल में इस प्रस्ताव को लाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 जून को विधानसभा में प्रस्ताव पेश होगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसे एक ऐतिहासिक फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि समाज की मांग के मुताबिक यह निर्णय लिया जा रहा है।

हरमंदिर साहिब से गुरबाणी प्रसारित करने का अधिकार सिखों के सवोच्च निकाय, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी या एसजीपीसी द्वारा पीटीसी नेटवर्क को दिया गया है। पीटीसी नेटवर्क का स्वामित्व बादल परिवार के पास है। माना जा रहा है कि इसे मुफ्त करने का उद्देश्य नेटवर्क के एकाधिकार को खत्म करने और सभी टेलीविजन चैनलों को मौके देने का है। जब मान सरकार ने पहले गुरबाणी के प्रसारण को मुफ्त करने का प्रस्ताव दिया था, तो एसजीपीसी, बादल परिवार और अकाली दल ने इसका जमकर विरोध किया था।

मान के एलान पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कड़ी आपत्ति जताई है। धामी ने कहा कि मान की सरकार को यह पता नहीं है कि सिख गुरुद्वारा एक्ट 1925 में पंजाब सरकार कोई दखल नहीं दे सकती। सिर्फ केंद्र सरकार ही इसमें एसजीपीसी की सिफारिश पर संशोधन करने का अधिकार रखती है। भगवंत मान को अपने राजनीति हितों के लिए सिख कौम के अंदर दुविधा पैदा करने से बाज आना चाहिए। गुरबाणी प्रसारण आम प्रसारण नहीं है। इसकी पवित्रता व मर्यादा को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। पंजाब के तमाम दल इस फैसले के विरोध में उतर आए हैं। शिरोमणि अकाली दल बादल की दिल्ली इकाई के नेता परमजीत सिंह सरना ने कहा कि मान को सत्ता के नशे में गुरुघर और सिख पंथ के साथ टकराव वाले हालात पैदा करने से बाज आना चाहिए। मान सिखों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने की जगह अपना सारा ध्यान पंजाब सरकार के काम में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मान सरकार एसजीपीसी में अपनी दखल बढ़ाकर सिख संस्थाओं पर कब्जा करना चाहती है, ताकि आने वाले समय में सिख संस्थाओं पर आम आदमी पार्टी का कब्जा हो सके।

अकाली दल के एक अन्य नेता दलजीत सिंह चीमा ने इस कदम को असंवैधानिक और सिख समुदाय की धार्मिक गतिविधियों में सीधा हस्तक्षेप करार दिया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के आदेश के तहत किए जा रहे इस काम को सिख समुदाय कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

अन्य विपक्षी दल भी भाजपा और कांग्रेस सहित इसका जमकर विरोध कर रहे हैं। उनका भी यही तर्क है कि सिख गुरुद्वारा अधिनियम 1925 संसद द्वारा बनाया गया कानून है, जिसे राज्य सरकार बदल नहीं सकती है। कांग्रेस के सुखपाल सिंह खैरा ने सवाल किया कि पंजाब सरकार एक केंद्रीय अधिनियम में कैसे बदलाव कर सकती है। तमाम विरोध के बीच, पंजाब कांग्रेस के नेता नवजोत सिद्धू सरकार के फैसले के साथ आए हैं। उन्होंने एक ट्वीट किया कि वह इस कदम के पक्ष में हैं। सिद्धू ने लिखा, "सरब सांझी गुरबाणी" का अर्थ बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए है। उन्होंने कहा कि मेरे सहित दुनिया भर के लाखों सिखों की हार्दिक इच्छा थी। सराहनीय प्रयास, बधाई भगवंत मान!"

## भारतीय नौसेना की पनडुब्बी वागीर कोलंबो पहुंची

**कोलंबो ,एजेंसी।** ग्लोबल ओशन रिंग की थीम के तहत नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए भारतीय नौसेना की पनडुब्बी वागीर सोमवार को कोलंबो पहुंची। वागीर भारतीय नौसेना की लेटेस्ट स्वदेशी कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी है। सोमवार से गुरुवार तक ऑपरेशनल विजिट के बाद पनडुब्बी स्कूली बच्चों सहित विजिटर्स के लिए खुली रहेगी।

कोलंबो में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र के समन्वय में भारतीय उच्चायोग ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए कोलंबो बंदरगाह पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें वरिष्ठ रक्षा अधिकारी और नौसेनाओं के कर्मियों की भागीदारी थी।

उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि भारतीय नौसेना योग के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के 9वें एडिशन में भाग ले रही है, जिसमें दुनियाभर के चुनिंदा बंदरगाहों पर ग्लोबल ओशन रिंग बनाने की अनूठी पहल है। भारतीय नौसैनिक जहाजों- दिल्ली, सुकन्या, किल्टन और सावित्री ने इस साल की शुरुआत में कोलंबो और त्रिंकोमाली का दौरा किया था, जिसके दौरान श्रीलंकाई नौसेना के साथ योग सत्र आयोजित किए गए थे। इसके अलावा जून में, श्रीलंकाई सशस्त्र बलों ने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित पांच शहरों में तीन दिवसीय योग कार्यशाला में भाग लिया। श्रीलंका में भारतीय नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों के दौरे का उद्देश्य भारत की नेबरहुड फर्स्ट (पड़ोसी पहले) नीति और क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के ध्ष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए दोनों पड़ोसी नौसेनाओं के बीच भाईचारे और एकजुटता को बढ़ावा देना है।इस बीच, पाकिस्तान का नौसैनिक जहाज (पीएनएस), टीपू सुल्तान, एक तारिक-श्रेणी का विध्वंसक, जो श्रीलंका की यात्रा पर है, मंगलवार को रवाना होगा।

## नागपुर में तीन लापता बच्चों के शव बंद एसयूवी से बरामद

**नागपुर ,(एजेंसी)।** नागपुर में तीन नाबालिग बच्चों के शव मिलने से हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक ये नाबालिग शहर के फारूक नगर इलाके से 17 जून से लापता थे। पुलिस ने सोमवार को ये जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बच्चों की पहचान आफरीन खान (6), उसके चचेरे भाई आलिया खान (6) और तौफीक खान (4) के रूप में हुई है, जो शनिवार दोपहर लंच के बाद अपने घर के बाहर खेलने गए थे। बताया जा रहा है कि पास में एक लावारिस एसयूवी कार खड़ी थी, उसमें बच्चों ने खेलने के लिए प्रवेश किया, लेकिन किसी कारण फोर्ड इकोस्पोर्ट कार के दरवाजे अपने आप बंद हो गए।

घटना के करीब 30 घंटे के बाद एक स्थानीय महिला ने वहां बदबू आने की शिकायत की। शिकायत के बाद स्थानीय लोग और पुलिस टीम एसयूवी की जांच के लिए मौके पर पहुंची। पुलिस को कार से तीनों बच्चों के शव बरामद हुए।

पुलिस के मुताबिक बच्चों ने जान बचाने के लिए पूरा संघर्ष किया। वाहन की धूल भरी विंडशील्ड पर बच्चों की उंगलियों के निशान थे। फिलहाल एसयूवी से शवों को निकाल लिया गया है। बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेयो अस्पताल में भेज दिया गया है। पुलिस ने इस पूरी घटना की वीडियोग्राफी की है।

जानकारी के मुताबिक कार नागपुर के एक स्थानीय व्यक्ति की थी, जिसे आसपास के एक गैरेज मैकेनिक द्वारा पावरलूम वर्कशॉप के बाहर पार्क किया गया था। बता दें कि पंचपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई गुमशुदगी की शिकायत के बाद, लगभग 200 कर्मियों की अलग-अलग टीमों ने सीसीटीवी फुटेज को स्कैन किया, पड़ोस में घर-घर जाकर तलाशी ली और एक डॉग स्क्वायड भी वहां गया, लेकिन बच्चों को ट्रैक करने में विफल रहा। स्थानीय लोगों ने कहा कि आमतौर पर कारों को खुला छोड़ दिया जाता है, और बच्चे अक्सर अंदर खेलते हैं, लेकिन इस बार हो सकता है कि बच्चों ने अनजाने में इसे लॉक कर दिया हो और फंस गए हों। पंचपोली पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तीनों बच्चों की मौत का कारण दम घुटना बताया गया है, जो अत्यधिक गर्मी की वजह से हुआ है।आगे की जांच में विसरा को परीक्षणों के लिए संरक्षित कर लिया गया है, अंतिम ऑटोप्सी रिपोर्ट का इंतजार है और पुलिस ने आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की है।

## शिकागो में लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग, 1 की मौत, 20 से अधिक घायल

**शिकागो , एजेंसी।** शिकागो में एक पार्किंग स्थल पर 19 जून का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग गोली लगने से घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने ड्यूपेज काउंटी के डिप्टी शेरिफ एरिक स्वानसन के हवाले से बताया कि रविवार को दोपहर फायरिंग की घटना हुई।

ड्यूपेज में कुछ घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि कई लोग जो मामूली रूप से घायल हुए हैं वह खुद ही अस्पताल पहुंचे।

पीड़ितों की उम्र और नाम अभी जारी नहीं किए गए हैं। न ही किसी संदिग्ध की जानकारी सामने आई है। स्वानसन ने कहा कि फायरिंग का कारण स्पष्ट नहीं है।

एक चश्मदीद ने कहा कि जब लोग जूनटीन्थ के जश्न के लिए इक्ठा हुए थे, तब फायरिंग शुरू हुई।

जूनटीन्थ यूएस में एक फेडरल हॉलिडे है जो गुलाम अफ्रीकी अमेरिकियों की आजादी के उपलक्ष्य में 19 जून को वार्षिक रूप से मनाया जाता है।

# राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा किसानों के हित का ध्यान रखते हुए किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं : योगी

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 168वीं बैठक संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे किसानों के जैविक/प्राकृतिक उत्पादों के सत्यापन, ब्रांडिंग के लिए लैब टेस्टिंग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के आउटलेट वर्तमान में मंडल मुख्यालय पर स्थापित हैं। इन्हें जिला मुख्यालय तक विस्तार देने की आवश्यकता है। मंडी समितियों में भी आउटलेट खोले जाएं। जैविक/प्राकृतिक बाजार लगवाएं। हमारे किसानों के जैविक/प्राकृतिक उत्पादों के सत्यापन, ब्रांडिंग के लिए लैब टेस्टिंग आवश्यक है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, द्वारा लखनऊ मेरठ, बनारस एवं झांसी में प्रयोगशालाएं संचालित हैं, लेकिन प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में कोई लैब संचालित नहीं है। ऐसे में मंडी परिषद द्वारा प्रदेश के सभी 04 कृषि विश्वविद्यालयों में टेस्टिंग लैब स्थापित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा किसानों के हित का ध्यान रखते



हुए किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व से संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में जहां 614 करोड़ की आय हुई, वहीं 2022-23 में 1520.95 करोड़ की आय हुई थी। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष के पहले दो माह में अब तक 251.61 करोड़ का राजस्व संग्रहीत हो चुका है। मंडी शुल्क न्यूनतम होने के बाद भी मंडियों से राजस्व संग्रह में हुई बढ़ोतरी सराहनीय है।

योगी ने कहा कि फसलों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्ण रोपण सामग्री, बागवानी फसलों के गुणवत्ता पूर्ण रोपण एवं रोग मुक्त बनाने के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज (अयोध्या) में टिशू कल्चर प्रयोगशाला की स्थापना की जाए। यह प्रयोगशाला कम से कम तीन हेक्टेयर के विशाल परिसर में स्थापित हो। इसके लिए धनराशि की व्यवस्था मंडी परिषद द्वारा की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक छात्रवृत्ति योजना अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। वर्तमान में 05 विश्वविद्यालयों एवं 23 महाविद्यालयों में कृषि एवं गृह विज्ञान के विद्यार्थियों को 3,000 मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। योजना का लाभ अधिकाधिक युवाओं को मिले, इसके लिए इसमें कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी तथा 37 अन्य महाविद्यालयों को भी इसमें शामिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा को ध्ष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने बड़ी संख्या में ग्रामीण हाट पैठ और आधुनिक किसान मंडियों का निर्माण कराया है। क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार नए हाट पैठ और किसान मंडियों का निर्माण कराया जाना चाहिए। मंडियों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। जलभराव की स्थिति न हो। किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखें और कृषि फसल की सुरक्षा के अच्छे प्रबंध हों। शौचालय/पेयजल के पर्याप्त इंतजाम रखें।उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि मंडी परिषद की सहायता से कृषि विश्वविद्यालयों में छात्रावासों का निर्माण कराया जा रहा है। इन छात्रावासों का निर्माण कार्य गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। कृषि मंत्री द्वारा इन निमार्णाधीन छात्रावासों का निरीक्षण किया जाए। विभिन्न जनपदों में कृषि उत्पादन मंडी परिषद की भूमि/भवन निष्प्रयोज्य हैं। इस भूमि/भवन के व्यवस्थित इस्तेमाल के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। इस प्रकार परिषद अपनी आय का एक नवीन विकल्प भी सृजित कर सकता है। योगी ने कहा कि कृषि और खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक नीतिगत प्रयास किए जा रहे हैं। प्राकृतिक खेती को प्रोत्सहित करने के लिए भी योजनाबद्ध रीति से कार्य किया जा रहा है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, उत्पाद की ब्रांडिंग हो, सही बाजार मिले, इसके लिए राजधानी लखनऊ में 'एग्री मॉल' स्थापित किया जा रहा है। इस संबंध में कार्रवाई तेजी से आगे बढाएं। एग्री मॉल में किसान सीधे अपने फल, सब्जियों की बिक्री कर सकेंगे।

# वार्षिक रथ यात्रा को लेकर पुरी में सारी तैयारियां पूरी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा सरकार ने भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। मंगलवार से शुरू हो रही नौ दिवसीय रथ यात्रा को देखने के लिए तीर्थ नगरी पुरी में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भगवान जगन्नाथ और उनके भाई बलभद्र और छोटी बहन सुभद्रा के रथ जनता को दर्शन देने और गुंडिचा मंदिर जाने के लिए तैयार हैं। तीनों रथों को भव्य तरीके से सजाया गया है। तीन रथों को सिंह द्वार पर लाया जाएगा और पूर्व में गुंडिचा मंदिर की ओर लगाया जाएगा।

मंगलवार को लाखों श्रद्धालु इन रथों को खींचेंगे। नबजौबन दर्शन के अवसर पर सोमवार को बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर में दर्शन किए। अनुष्ठानों के जल्दी पूरा होने के कारण भगवानों के परिमानिका दर्शन सुबह 7:20 बजे शुरू हुए और इसके बाद सुबह 8:05 बजे सहाना मेला दर्शन हुए, जिसमें भक्तों ने



भगवान के नबजौबाना बेशा (पोशाक) के दर्शन किए। ओडिशा के मुख्य सचिव पी.के. जेना भी सोमवार को पुरी में थे।

मुख्य सचिव पी.के. जेना ने कहा कि लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

जेना ने कहा कि अग्निशमन कर्मियों द्वारा पानी का छिड़काव किया जाएगा, साथ ही श्रद्धालुओं को ओआरएस के पैकेट भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी अनुष्ठानों को सुचारू रूप से करने के लिए आज शाम वरिष्ठ सेवादारों के साथ चर्चा करेंगे। वहीं त्योहार को लेकर पुरी शहर और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। तीर्थनगरी को 14 जोन और 29 सेक्टरों में बांटा गया है।

यात्रा में लगभग 170 पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। वहीं सोमवार को नबजौबन दर्शन के लिए कस्बे में 70 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पहली बार एक तटरक्षक हेलीकॉप्टर समुद्र तट पर गश्त करेगा और पास में तेज गश्ती वाहन तैनात किए जाएंगे। अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, संजय कुमार ने कहा कि इंटरसेप्टर नौकाएं 2 जुलाई तक पारादीप में तैनात रहेंगी। वहीं रेलवे संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए प्लेटफॉर्म पर चेहरा पहचानने वाले कैमरे लगाएगा। त्योहार के दौरान कुल 125 विशेष ट्रेनें पुरी के लिए चलेंगी। रथ यात्रा के दौरान कई कंट्रोल स्टेशनों से जुड़े ड्रोन कैमरों की सहायता से बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे काम करेंगे।

यात्रा को देखते हुए पुरी में वाहनों की आवाजाही पर एक एडवाइजरी जारी की गई है। परिवहन आयुक्त अमिताभ ठाकुर ने कहा कि सभी अंतर्राज्यीय पर्यटक बसें और स्थानीय पर्यटक बसें मालतीपतपुर बस अड्डे पर रुकेंगी। अन्य दैनिक यात्रियों को ले जाने वाली बसों को मालतीपातापुर रेलवे ओवर ब्रिज, तोशाली रेत, ग्रिड स्टेशन चाक और भूदान छक्का से तलबानिया अस्थायी बस स्टैंड तक जाने की अनुमति दी जाएगी। वाहनों को भुवनेश्वर-पुरी मार्ग और कोणार्क मार्ग पर ग्रिड सबस्टेशन और तालाबनिया क्षेत्र के पास पार्क करने की अनुमति दी जाएगी, जबकि ब्रह्मगिरी से आने वाले वाहनों को फ्लोरेंस इंडिया गार्डन पार्किंग स्थल में पार्क किया जाएगा।

शटल बसों और ऑटो रिक्शा को तालाबनिया से जिला स्कूल छका तक जाने की अनुमति होगी। वहीं दोपहिया वाहनों को जगन्नाथ बल्लव, मसनिचंडी, माटीटोटा नीलाचल अशोक और ब्लू फ्लैग बीच पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। कार और एसयूवी जैसे सभी हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) को इनडोर स्टेडियम, हेलीपैड, संस्कृत यूनिवर्सिटी पार्किंग, आईडी कॉलेज पार्किंग, नेलिफिल्ड और यात्राका में पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। पार्किंग में जगह को उपलब्धता के हिसाब से डायवर्ट किया जाएगा।

भक्तों के लिए तालाबनिया से जिला स्कूल छका और मालतीपातापुर से अथरनाला तक कुछ शटल सेवाएं लागू की गई हैं। इसके अलावा, अथरनाला छका से अस्पताल छका और अस्पताल छका से सुभाष बोस क्रॉसिंग तक के क्षेत्रों को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है।

## केष्टोपुर के आवासन में मां-बेटी की रहस्यमय मौत

**कोलकाता (एजेंसी)।** महानगर कोलकाता संलग्न विधाननगर के केष्टोपुर स्थित प्रफुल्ल कानन अंचल में तब आज लोगों के बीच सनसनी फैल गई जब पुलिस ने लोगों से मिली सूचना के बाद यहां के गंगा यमुना अपार्टमेंट आवासन के एक फ्लैट से मां-बेटी का शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि शवों की शिनाख्त मां गोपा दास और बेटी सुदेशना दास के तौर हुई है। उक्त दोनों की रहस्यमय मौत की जांच बगुईआटी थाने की पुलिस ने शुरू कर दी है। मामले पर पुलिस का कहना है कि उक्त मामला हत्या का है या फिर खुदकुशी का फिलहाल कुछ नहीं कह सकते हैं। उक्त मां और बेटी का शव बंद फ्लैट से मिला। पुलिस को पता चला कि इसी अवासन में रहने वाले गोपा का भाई गौतम दे सुबह से ही गोपा और सुदेशना से फोन पर संपर्क नहीं कर पा रहा था। जब फोन पर कोई जानकारी नहीं मिली, तो फ्लैट में गए तो देखा कि मां-बेटी की लाश फर्श पर पड़ी है। सूचना मिलने पर बागुईआटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल से जरुरी कार्रवाई के बाद मां और बेटी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गोपा दास का उनके पति से 14 साल से तलाक का मामला चल रहा था।

## बस और लॉरी की टक्कर में दो की मौत, 22 घायल

**मुर्शिदाबाद (एजेंसी)।** बंगाल में सड़क हादसों का क्रम जारी है और तेज रफ्तार की बलि हर रोज राहगीर चढ़ रहें हैं। पुलिस ने बताया कि घटना मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज की है। जहां आज सुबब एक लॉरी और बस की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई तो 22 घायल हो गए। यह घटना तब घटी जब बसुदेवपुर स्टॉप पर बस यात्रियों को उठा रही थी, तभी फरक्का-बाउंड लॉरी ने बस को पीछे से टक्कर मार दी।

# मैं पीएम मोदी का स्वागत करने को उत्सुक हूं : मैरी मिलबेन

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** पुरस्कार विजेता अंतरराष्ट्रीय गायिका और अभिनेत्री मैरी मिलबेन बुधवार से शुक्रवार तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में प्रस्तुति देंगी। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी राजदूत रुचिरा कंबोज द्वारा आमंत्रित मिलबेन बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ नॉर्थ लॉन में शामिल होंगी।

मिलबेन ने रविवार को साझा किए गए एक ट्विटर पोस्ट में कहा, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका में इस पहले कार्यक्रम के लिए प्रधान मंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष सिसाबा कोरोसी, राजदूत रुचिरा कंबोज और न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स के साथ शामिल होने की उम्मीद कर रही हूं।

मिलबेन 15 अगस्त, 2022 को भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में अमेरिका के लिए आमंत्रित सांस्कृतिक राजदूत के रूप में प्रदर्शन करने वाली पहली अमेरिकी कलाकार बनीं।

वह शुक्रवार को वाशिंगटन, डीसी में रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग एंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में यूएस इंडियन कम्युनिटी फाउंडेशन (यूएसआईसीएफ) द्वारा आयोजित प्रवासी स्वागत समारोह में भी प्रस्तुति देंगी।

मिलबेन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए वाशिंगटन, डीसी में प्रवासी भारतीयों की इस सभा के लिए प्रदर्शन करना एक बड़ा सम्मान है। स्वतंत्रता और लोकतंत्र में हमारा साझा बंधन अमेरिका-भारत के रिश्ते को लोकतंत्र के लिए पृथ्वी पर सबसे मजबूत ताकत, एकता के लिए सर्वश्रेष्ठ मॉडल के रूप में स्थापित करता है।

मिलबेन लगातार चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों जॉर्ज डब्ल्यू बुश, बराक ओबामा, डोनाल्ड ट्रम्प और जो बाइडेन के लिए राष्ट्रगान और देशभक्ति संगीत का प्रदर्शन किया है।

भारत के स्वतंत्रता दिवस की 74 वीं वर्षगांठ के लिए 2020 में वर्चुअल रूप से प्रदर्शित भारतीय राष्ट्रगान के उनके वैश्विक प्रदर्शन, और 2020 की दिवाली पर पेश भजन ओम जय जगदीश हरे को दुनिया भर में लाखों लोगों द्वारा सराहा गया।

# विशेष ओलंपिक विश्व खेलः भारतीय दल ने की मजबूत शुरुआत



बर्लिन, 19 जून। ग्लैमरस और रोमांचकारी उद्घाटन समारोह के बाद, विशेष ओलंपिक विश्व खेलों के पहले दिन की शुरूआत जोरदार तरीके से हुई।

भारतीय दल ने 16 में से 14 खेलों के डिवीजनिंग स्पर्धाओं में भाग लिया।

दिन का सबसे बड़ा प्रदर्शन तैराकी से आया, जहां 12 में से 11 भारतीय एथलीटों ने 25 मीटर फ्रीस्टाइल, 25 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक की अपनी–अपनी श्रेणियों में सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। साथ ही एथलेटिक्स में भी 4 भारतीय सेमीफाइनल में पहुंचे।

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम और महिला फुटबॉल टीम ने भी 7–ए–साइड मैचों के समूह चरणों में प्रतिस्पर्धा की। पुरुषों की टीम ने जहां सेंट लूसिया के खिलाफ ड्रा खेला, वहीं महिला टीम ने एसओ इजराइल पर जीत दर्ज की।

इससे पहले दिन में, विशेष ओलंपिक ने समावेशन के लिए वैश्विक नेतृत्व गठबंधन के गठन की घोषणा की, जो बौद्धिक विकलांग लोगों का समर्थन करने के लिए एक अग्रणी बहुपक्षीय प्रयास है।

पहली बार, सरकारें, उद्योग, एनजीओ और विकास समुदाय शिक्षा और खेल में अधिक समावेशी स्कूलों और समुदायों को बनाने के लिए एक साझा वैश्विक प्रतिबद्धता के साथ आए।

अगले तीन वर्षों में, गठबंधन के सदस्यों ने 150,000 से अधिक स्कूलों में 2,000,000 से अधिक युवाओं के लिए समावेशी खेल और शिक्षा के अवसरों का विस्तार करने और 180 देशों में विशेष ओलंपिक प्रोग्रामिंग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध किया है।

स्कूलों और कॉलेजों में खेल के समावेशी प्रारूप को लागू करने के लिए विशेष ओलंपिक भारत और भारत में शिक्षा मंत्रालय के बीच पहले से ही चर्चा चल रही है।

इन खेलों के दूसरे दिन कई और डिवीजनिंग इवेंट होंगे। 20 जून से मेडल राउंड शुरू होने की उम्मीद है।

### अदिति इस साल चौथी बार एलपीजीए में शीर्ष 10 में

बेलमोंट (अमेरिका), भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां अंतिम दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त रूप से आठवां स्थान हासिल किया। अदिति का स्कोर 11 होल के बाद एक अंडर था लेकिन अंतिम सात होल में चार बर्डी के साथ उन्होंने पांच अंडर का स्कोर बनाया।

अदिति ने चार दौर में से तीन में बोगी नहीं की। उन्होंने 68, 67, 72 और 67 के स्कोर से कुल 14 अंडर का स्कोर बनाया।

आयरलैंड की लियोन मैग्वायर ने अंतिम दौर में 64 के स्कोर से कुल 21 अंडर के स्कोर के साथ थाईलैंड की एरिया जुतानगार्न को दो शॉट से पछाड़कर खिताब जीता।अदिति ने एलपीजीए पर पिछली आठ प्रतियोगिता में से चार में शीर्ष 10 में जगह बनाई है। यह भारतीय गोल्फर एलपीजीए की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 15वें स्थान पर पहुंच गई है।अदिति के साथ ही विश्व रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ 48वीं रैंकिंग से बेहतर रैंकिंग हासिल करने की उम्मीद है। उन्होंने हफ्ते की शुरुआत 50वें स्थान के साथ की थी।

# अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान



नईदिल्ली, जुलाई के महीने में आपको क्रिकेट के महामुकाबले देखने को मिलेंगे। 12 जुलाई से भारत और वेस्टइंडीज के बीच में टेस्ट,वनडे और टी20 सीरीज के मुकाबले खेले जाएंगे। इस बीच अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज को लेकर भी टीम का ऐलान हो गया है। आपको बता दें की बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज के बाद 2 मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है।

इसी के बीच में बांग्लादेश की टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया। रिपोर्ट की माने तो बांग्लादेश की टी20 टीम में एक खिलाड़ी की लगभग 8 महीने के बाद वापसी हुई है। ये खिलाड़ी आखिरी बार बांग्लादेश की टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2022 में खेला था। आपको बता दें की बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच ये दो टी20 मैच 14 और 16 जुलाई को खेले जाएंगे। इस सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम में इबादत हुसैन की वापसी हुई है।

टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीमःशाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, रोनी तालुकदार, नजमुल हुसैन शान्तो, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, तौहीद हिरदॉय, शमीम हुसैन, मेहदी हसन मिराज, एबादत हुसैन, शोरफुल इस्लाम, रिशाद हुसैन, अफिफ हुसैन

# एशिया कप में पहली बार खेलेगी नेपाल की टीम, भारत–पाक के साथ होगी एक ही ग्रुप में



नईदिल्ली, एशिया कप की शुरूआत इस साल 31 अगस्त से होने जा रही है। इस टूर्नामेंट के मुकाबले पाकिस्तान और श्रीलंका में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच पाकिस्तान में और बाकी मैच श्रीलंका में होंगे। ऐसे में इस टूर्नामेंट में एक नई चीज भी देखने को मिलेगी और वो ये की इस बार एक नई टीम भी इस टूर्नामेंट का हिस्सा होगी।रिपोर्ट की माने तो एशिया कप 2023 में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी।

साल 2023 में वनडे फॉर्मेट में इसका 16वां संस्करण खेला जाएगा। इस बार नेपाल की क्रिकेट टीम भी एशिया कप के इतिहास में पहली बार टूर्नामेंट का हिस्सा लेगी। इसके अलावा भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान शामिल रहेंगें।रिपोटर्स की माने तो एशिया कप में लीग स्टेज, सुपर–4 और फाइनल मिलकर कुल 13 मुकाबले खेले जाएंगे। एशिया कप वनडे प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें भारत, पाकिस्तान और नेपाल की टीमें एक ही ग्रुप में होगी, वहीं दूसरे ग्रुप में श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश होगा।

# मध्यांतर के समय कोच की फटकार ने आंखें खोल दीः छेत्री

भुवनेश्वर, राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा है कि मुख्य कोच इगोर स्टिमक से मध्यांतर में मिली फटकार आंखें खोलने वाली थी जिसकी भारत को इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब जीतने के लिए जरूरत थी।

भारत पहले हाफ में लेबनान के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहा था लेकिन दूसरे हाफ में सुनील छेत्री के 87वें अंतरराष्ट्रीय गोल के अलावा लालियानजुआला छांगटे के गोल की मदद से रविवार रात फाइनल में लेबनान को 2–0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतने में सफल रहा।

छेत्री ने कहा, मध्यांतर के समय बॉस ने फटकार लगाई। हम पिछले मैच के अपने प्रदर्शन के आसपास भी नहीं थे। यह आंखें खोलने वाला था जिसकी हमें जरूरत थी।

उन्होंने कहा, काफी कुछ कहा गया जिनमें से कुछ को मैं यहां दोहरा नहीं सकता। लेकिन अहम बात यह है कि हमें पता था कि हमारे पास क्षमता है और अंत में हमें कोई पछतावा नहीं है। बेशक 2–0 से जीत दर्ज करने के बाद अब यह कहना आसान है लेकिन हम जीत से खुश हैं।

छेत्री टूर्नामेंट में भारत के प्रदर्शन से प्रभावित हैं।


उन्होंने कहा, हम इंटरकॉन्टिनेंटल कप को पिछली बार जीत नहीं सके थे लेकिन यह जीत अच्छी थी। यह आसान नहीं था, लेकिन हम बहुत खुश हैं, खासकर टूर्नामेंट में हमारे खिलाफ कोई गोल नहीं होने के कारण। मुख्य कोच स्टिमक ने स्वीकार किया कि वह लेबनान के खिलाफ शुरुआती 45 मिनट में अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश नहीं थे। उन्होंने



कहा, हर मैच महत्वपूर्ण है, हर जीत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से जब आपके खिलाफ कोई गोल नहीं हो इसलिए मैं बहुत खुश हूं। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि मैं मध्यांतर के समय बिल्कुल भी खुश नहीं था। हमने पहले 10 मिनट में अच्छा खेला और फिर हम पिछड़ गए। क्रोएशिया के इस कोच ने कहा, हमें उन्हें (लेबनान) 20 मिनट के आसपास खेल को नियंत्रित नहीं करने देना चाहिए था। यह सबसे अच्छा है कि मैं नहीं बताऊं कि मध्यांतर के समय क्या कहा गया लेकिन यह काम कर गया। दूसरे हाफ में लडक़ों की प्रतिक्रिया शानदार थी। यह वह भारत है जिसे मैं देखना पसंद करता हूं। स्टिमक ने कहा कि अगले साल 12 जनवरी से 10 फरवरी तक कतर की मेजबानी में होने वाले एएफसी एशियाई कप से पहले भारत को काफी काम करना है। भारत को कड़े ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ रखा गया है। कोच ने कहा, एएफसी एशियाई कप से पहले हमारे लिए काफी काम है। हमें बेहतर स्थिति, दौडऩे का समय, कब मैदानी फुटबॉल खेलना है और कब नहीं, यह समझने की जरूरत है।

## फिल्मी सफर

# जरा हटके जरा बचके ने पार किया 60 करोड़ की कमाई का आंकड़ा



विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म ह्यजरा हटके जरा बचकेह्न को ऑडियंस की तरफ से शानदार रिस्पॉन्स मिला है. फिल्म ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की और फिर धीरे–धीरे रफ्तार पकड़ते हुए ओपनिंग वीकेंड पर भी कई करोड़ बटोर लिए. हालांकि इसके बाद फिल्म की कमाई में गिरावट आई लेकिन दूसरे वीकेंड पर फिल्म ने फिर तेजी दिखाई और अच्छा कलेक्शन करते हुए 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. वहीं अब ह्यजरा हटके जरा बचकेह्न की कमाई के 13वें दिन के आंकड़े भी आ गए हैं. चलिए जानते हैं फिल्म ने दूसरे बुधवार को कितना बिजनेस किया है? डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर की ह्यजरा हटके जरा बचकेह्न के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में अब गिरावट दर्ज की जा रही है. हालांकि फिल्म ने धीरे–धीरे ही सही लेकिन 60 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर लिया है. वहीं अब फिल्म के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक जरा हटके जरा बचके ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को मामूली गिरावट के साथ 2.25 करोड़ का कारोबार किया है. वहीं मंगलवार को फिल्म ने 2.52 करोड़ की कमाई की थी. इसी के साथ ह्यजरा हटके जरा बचकेह्न का कुल कलेक्शन अब 61.02 करोड़ रुपये हो गया है. 40 करोड़ के बजट में बनी ह्यजरा हटके जरा बचकेह्न के लिए अब ये हफ्ता काफी अहम है. दरअसल प्रभास की ह्यआदिपुरुषह्न, ह्यद फ्लैशह्न और ह्यएक्सट्रैक्शन 2ह्न इस वीक रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. ऐसे में ह्यजरा हटके जरा बचकेह्न को इन फिल्मों के आगे टिके रहना काफी मुश्किल साबित हो सकता है. वहीं फिल्म की कहानी की बात करे तो ये विक्की कौशल और सारा अली खान के इर्द–गिर्द घूमती है.

### शॉर्ट ड्रेस में मोनालिसा ने बरपाया कहर, हॉटनेस देख फैंस खो बैठे होश

भोजपुरी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपने बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण सुर्खियों में रहती है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती है तो वो लोगों के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट सिंपल लुक्स देते फोटोशूट करवाया है, जिसमें उनके चेहरे पर किलर लुक्स उनकी इन फोटोज पर चार चांद लगा रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपनी हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज में उनकी हॉटनेस थमने का नाम नहीं ले रही है। मोनालिसा अपने इस लेटेस्ट लुक में बेहद ही किलर दिखाई दे रही हैं। मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट में व्हाइट एंड ग्रे चेक में शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो बेहद बोल्ड लग रही है।

# राइमा सेन विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर की स्टार कास्ट में शामिल



विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर की स्टार कास्ट में बुधवार को एक और नया नाम जुड़ गया है। फिल्म द वैक्सीन वॉर में नाना पाटेकर, अनुपम खेर और सप्तमी गौड़ा जैसे कलाकार शामिल हैं। अब इन कलाकारों के साथ एक्ट्रेस राइमा सेन का नाम भी जुड़ गया है। सेन भी अब इस फिल्म का हिस्सा होंगी।फिल्म निर्माता ने ट्विटर पर एक वीडिया शेयर किया है। वीडियो में विवेक अग्निहोत्री ने कोलकाता की अपनी हालिया यात्रा के दौरान अभिनेत्री से मिलने और उसे अपनी फिल्म में अभिनय करने के लिए आमंत्रित करने पर प्रसन्नता जताई।52 सेकंड की एक क्लिप में उनका परिचय देते हुए फिल्म निर्माता ने कैप्शन दिया देखो हैशटैग द वैक्सीन वार हैशटैग एट्रस्टोरी में के कलाकारों में कौन शामिल हुआ। फिल्म का ज्यादातर डिटेल गुप्त रखी गई है। फिल्म के टाइटल से ही काहानी का पता चल रहा है।

# आदित्य रॉय कपूर ने शुरू की मेट्रो इन दिनों की शूटिंग, जानिए कब रिलीज होगी फिल्म



बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेत्री सारा अली खान के साथ बनी है। अनुपम खेर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। जहां कुछ दिनों पहले सारा और अनुपम ने फिल्म की शूटिंग शुरू की थी, वहीं अब खबर है कि आदित्य ने एक भावनात्मक सीक्वेंस के साथ मेट्रो इन दिनों की शूटिंग शुरू कर दी है। यह फिल्म 8 दिसंबर को रिलीज होगी।

मेट्रो इन दिनों का निर्देशन अनुराग बसु द्वारा किया जा रहा है। इसमें नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल और फातिमा सना जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, अनुराग, कृष्ण कुमार और तानी बसु मिलकर कर रहे हैं।

मेट्रो इन दिनों में आज के समय के खट्टे–मीठे रिश्तों की 4 अलग–अलग कहानियां देखने को मिलेंगी। वहीं आदित्य इसके अलावा द नाइट मैनेजर 2 में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे।

# इमरान हाशमी ने तेलुगू में की शुरुआत, पवन कल्याण, प्रियंका मोहन के साथ ओजी में दिखेंगे



गैंगस्टर, जहर, आवारापन और शंघाई जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी निर्देशक सुजीत की गैंगस्टर ड्रामा ओजी में शामिल हो गए हैं। फिल्म में पावर स्टार पवन कल्याण और प्रियंका मोहन भी मुख्य भूमिका में हैं। इमरान कलाकारों में शामिल हो गए, क्योंकि फिल्म का तीसरा शेड्यूल इस समय हैदराबाद में चल रहा है। वह इस फिल्म के साथ तेलुगू सिनेमा में अपनी शुरुआत करेंगे और फिल्म में पवन कल्याण के साथ भूमिका निभाते नजर आएंगे।

तेलुगू फिल्म उद्योग में पदार्पण के बारे में बात करते हुए इमरान ने साझा किया : मैं ओजी के साथ इस नई यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। फिल्म की एक मजबूत और मनोरंजक पटकथा है और मुझे एक चुनौतीपूर्ण भूमिका मिली है, जिसे मैं पवन कल्याण सर, सुजीत, दानय्या सर और टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि हम दर्शकों के लिए एक यादगार सिनेमाई अनुभव बनाएंगे।

फिल्म में अर्जुन दास और श्रीया रेड्डी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। थमन एस. के संगीत के साथ, ओजी का निर्माण डी.वी.वी. दानय्या, डीवीवी एंटरटेनमेंट्स बैनर के तहत सुजीत द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म में दिग्गज अभिनेता प्रकाश राज भी प्रमुख भूमिका में हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com